रोहतक

गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 257
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 34.5
न्यून. 15.5

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,605.43 | 575.45 ▲ |
| निफ्टी | 25,323.55 | 278.05 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,31,800/- | 1000/- ▲ |
| चांदी | 1,82,000/- | 3000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.08 | 73 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 62.27 बैरल | | 0.19% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






## फांसी या लीथल इंजेक्शन, कौन सा विकल्प सही

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा क्यों नहीं बदलते वक्त के साथ

**याचिका में सम्मानजनक मृत्यु को जीवन के अधिकार का हिस्सा बताया गया**

**वकील ने यह भी बताया कि सेना में यह विकल्प पहले से ही मौजूद हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा पाए कैदियों को लीथल इंजेक्शन का विकल्प देने के मामले में केंद्र सरकार के रुख पर सख्त टिप्पणी की। याचिकाकर्ता ने फांसी की जगह इंजेक्शन को मानवीय विकल्प बताया। अदालत ने सरकार से पूछा कि वह समय के साथ क्यों नहीं बदलना चाहती, जबकि फांसी एक पुरानी प्रक्रिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी। याचिका में सम्मानजनक मृत्यु को जीवन के अधिकार का हिस्सा बताया गया है। याचिकाकर्ता के वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि कम से कम कैदी को यह विकल्प दिया जाए कि वह फांसी से या इंजेक्शन से मरना चाहता है। इंजेक्शन से मौत जल्दी और मानवीय तरीके से होती है, जबकि फांसी क्रूर और लंबी प्रक्रिया है। वकील ने यह भी बताया कि सेना में यह विकल्प पहले से मौजूद है। याचिकाकर्ता ने कहा कि फांसी के जरिए मौत आने में 40 मिनट तक लग सकते हैं, जिससे कैदी को अत्यधिक दर्द और पीड़ा होती है। इसके बजाए इंजेक्शन, गोली मारना, इलेक्ट्रिक चेयर या गैस चेंबर जैसे तरीके अधिक तेज और कम पीड़ादायक हैं।

### अमेरिका में होता है लीथल इंजेक्शन का इस्तेमाल

याचिका में कहा गया कि अमेरिका के 50 में से 49 राज्यों में लीथल इंजेक्शन का इस्तेमाल होता है। साथ ही, आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 354(5) को भेदभावपूर्ण और अनुच्छेद 21 के खिलाफ बताया गया। याचिका में यह भी कहा गया कि सम्मानजनक तरीके से मरने का अधिकार भी जीवन के अधिकार का हिस्सा होना चाहिए।



**केंद्र सरकार ने क्या कहा**

### विकल्प देना व्यावहारिक नहीं

केंद्र सरकार ने अपने जवाबी हलफनामे में कहा कि ऐसा विकल्प देना व्यावहारिक नहीं है। इस पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि सरकार समय के साथ बदलाव के लिए तैयार नहीं है। पीठ ने कहा कि समस्या यही है कि सरकार पुराने तरीकों से बाहर नहीं निकलना चाहती। फांसी बहुत पुरानी प्रक्रिया है, समय के साथ चीजें बदल चुकी हैं। सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर ने कहा कि इस तरह का विकल्प देना नीतिगत निर्णय विषय है।




## अब 29 को अंबाला आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**अंबाला (हरिभूमि न्यूज)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा अब 29 अक्तूबर को होगा। पहले यह दौरा 18 अकतूबर को प्रस्तावित था। इसे किसी कारणवश स्थगित कर दिया गया था। राष्ट्रपति का यह दौरा भारतीय वायुसेना के एक कार्यक्रम के तहत निर्धारित किया गया है जो अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। एयरफोर्स स्टेशन के अंदर व बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है। राष्ट्रपति के इस दौरे के दौरान भारतीय वायुसेना के एक विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

**प्रशासन की ओर से फिर राष्ट्रपति के दौरे को लेकर शुरू की तैयारियां**

# नहीं रहे 'महाभारत' के कर्ण

## एक्टर पंकज धीर का 68 साल की उम्र में निधन



**मुंबई (भाषा)।** बी आर चोपड़ा के मशहूर धारावाहिक महाभारत में कर्ण और 'चंद्रकांता' में राजा शिवदत्त की भूमिका निभाने के लिए मशहूर टेलीविजन अभिनेता पंकज धीर का कैंसर के चलते 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। धीर के मित्र और फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने बताया, बुधवार सुबह कैंसर के कारण उनका निधन हो गया। पिछले कुछ महीनों में उन्हें कई बार अस्पताल जाना पड़ा।' पंजाब से ताल्लुक रखने वाले धीर ने 1980 के दशक में अभिनेता के रूप में अपने फिल्मी कैरियर की शुरुआत की थी और कई फिल्मों में छोटी भूमिकाएं निभाई थीं। उन्हें बड़ा ब्रेक 1988 में मिला जब उन्हें महाकाव्य "महाभारत" के छोटे पर्दे पर रूपांतरण में कर्ण की भूमिका मिली। इसके बाद, उनकी लोकप्रियता चरम पर पहुंच गई और उन्होंने सड़क, सनम बेवफा और आशिक आवारा जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया।

**कई शानदार भूमिकाएं निभाईं**


### चंद्रकांता से मिली ख्याति

1994 से 1996 तक, धीर ने टीवी धारावाहिक चंद्रकांता में अभिनय किया, जो लेखक देवकी नंदन खत्री के 1888 में लिखे गए इसी नाम के उपन्यास पर आधारित था। उन्होंने काल्पनिक राज्य चुनारगढ़ के राजा शिवदत्त की लोकप्रिय भूमिका निभाई। उनकी कुछ उल्लेखनीय फिल्मों में बॉबी देओल की सोल्जर , शाहरुख खान की बादशाह , अक्षय कुमार की अंदाज, और अजय देवगन की जमीन और टार्जन शामिल हैं। 2000 के दशक के अंत में, धीर कई धारावाहिकों तीन बहुरानियां, राजा की आएगी बारात और ससुराल सिमर का में दिखाई दिए। उनके परिवार में पत्नी अनीता धीर और बेटा निकेतन धीर हैं, जो खुद भी अभिनेता हैं।

**लंबे समय से कैंसर से जुझ रहे थे पंकज महाभारत में निभाया कर्ण का किरदार**

कई फिल्मों और सीरियल में काम किया दूरदर्शन पर युग और द ग्रेट मराठा जैसे किरदार किए, बॉलीवुड में निधन पर शोक

**45 साल तक अनेक भूमिकाएं की, 1970 में फिल्म परवाना में बतौर सहायक निदेशक फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। अंतिम संस्कार में सलमान समेत कई दिग्गज हुए शामिल**




# रोहतक में एएसआई संदीप के घर जुटे सियासी दिग्गज, सीएम ने दिया न्यायिक जांच का भरोसा



**एएसआई संदीप लाठर मौत मामले में दिनभर रही गहमा-गहमी**

**सीएम नायब सैनी, मंत्री ढांडा और पंवार पहुंचे लाढ़ौत गांव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। सुसाइड नोट और वीडियो में सीनियर आईपीएस वाई पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाने वाले एएसआई संदीप के परिवार ने अब तक पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया। परिवार के लोग बिना पोस्टमॉर्टम कराए संदीप का शव रोहतक के लाढ़ौत गांव में मामा के घर रखकर बैठे हैं। उनका कहना है कि जब तक मामले की न्यायिक जांच नहीं होगी, हम पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। वहीं, दूसरी तरफ, बुधवार को लाढ़ौत गांव में सियासी दिग्गजों का जमावड़ा लगा रहा। सुबह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार और महिपाल ढांडा परिवार को सांत्वना देने के लिए लाढ़ौत गांव पहुंचे। इनेलो नेता सुनैना चौटाला ने भी संदीप लाठर के परिवार से मुलाकात की। शाम होते होते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और इनेलो प्रमुख अभय चौटाला ने भी परिवार से मुलाकात की।

### परिवार को न्याय मिलेगा: सैनी


सीएम सैनी ने परिवार को आश्वासन दिया कि मामले की जांच करवाई जाएगी और परिवार को न्याय मिलेगा। घर के बाहर भारी संख्या में ग्रामीण, समर्थक और राजनीतिक कार्यकर्ता जुटे रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं लाढ़ौत गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री ने परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। यह बेहद दुखद घटना है। सरकार मामले की निष्पक्ष जांच करवा रही है, ताकि सच सामने आ सके। किसी निर्दोष को फंसाया नहीं जाएगा और दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे सजा जरूर मिलेगी।



### मुख्यमंत्री बोले- परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी

मुख्यमंत्री ने इस दौरान परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और प्रशासन को निर्देश दिए कि परिवार को किसी प्रकार की परेशानी न हो। संदीप के मामा के बेटे संजय देशवाल ने बताया, मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई और न्यायिक जांच का भरोसा दिया है। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, परिवार का कहना है कि वे न्यायिक जांच और दोषियों की गिरफ्तारी से पहले किसी प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाएंगे।कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार और महिपाल ढांडा ने गहरा शोक व्यक्त किया। दोनों मंत्रियों ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है।

### हाईकोर्ट जज की निगरानी में हो जांच : हुड्डा



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा लाढ़ौत गांव पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह घटना पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। हरियाणा में कम समय के भीतर पुलिस विभाग से जुड़े दो आत्महत्याओं की घटनाएं सामने आई हैं, जो गहन जांच की मांग करती हैं। इस पूरे प्रकरण की जांच हरियाणा हाईकोर्ट के किसी मौजूदा (सिटिंग) जज की निगरानी में करवाई जानी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच का तरीका ऐसा होना चाहिए जिससे मृतक एएसआई संदीप लाठर के परिवार को संतुष्टि मिले। न्याय की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### प्रदेश में कानून-व्यवस्था चरमराई : चौटाला



इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने संदीप की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था की गंभीर तस्वीर पेश करती है। हरियाणा में हालात बेहद खराब हैं, पहले एक एडीजीपी ने आत्महत्या की और अब एक एएसआई ने अपनी जान दी है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। मामले की जांच सीबीआई या हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में करवाई जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह खत्म हो चुकी है।

## दिवाली से पहले लाठर परिवार में शोक पसरा



**जुलाना।** रोहतक के साइबर सेल में तैनात जुलाना के वार्ड नंबर चार निवासी संदीप कुमार लाठर के परिवार के लिए दीपावली का त्योहार शुभ नही रहा है। वर्ष 2004 में जब संदीप कुमार 22 वर्ष के थे तो उनके पिता दयानंद जो हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर थे, ठीक दीपवली के एक दिन पहले छोटी दीपवली पर ट्रेन की चपेट में आ गए थे और यह दुनिया छोड़कर चले गए थे। दीपावली के एक सप्ताह पहले भी फिर पुरानी यादें ताजा हो गई। जब रोहतक के साइबर सेल में तैनात जुलाना के वार्ड नंबर चार निवासी संदीप कुमार लाठर ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पिता की मौत के बाद संदीप कुमार ने अपनी एलएलबी की पढ़ाई पूरी की और संघर्ष कर अपने परिवार के लिए रोजी रोटी का जुगाड़ किया। मृतक संदीप का 10 वर्षीय लड़का विहान चौथी कक्षा में पढ़ता है। संदीप की दो लड़की एक रुपक नौवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है। जबकि बड़ी लड़की प्रतिभा आईआईटी की तैयारी कर रही है। संदीप की मां इंद्रावती बुधवार को दुखी मन से रोते हुए जुलाना में अपने घर पर पहुंची। इंद्रावती को संदीप की मौत पर गहरा सदमा लगा है। इंद्रावती ने 21 वर्ष पहले अपने पति को छोटी दीपावली के दिन खो दिया था।

### ये था मामला

मंगलवार दोपहर करीब एक बजे संदीप लाठर ने लाढ़ौत गांव में अपने मामा के खेतों में बने कोठड़े की छत पर सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे मजदूर जैलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मैं नहर के पास गया था, तभी गोली चलने की आवाज आई। जब पहुंचा तो देखा, संदीप ने खुद को गोली मार ली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुसाइड नोट और मोबाइल फोन को कब्जे में लिया।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं तीन नवंबर से

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग तीन से आठ नवंबर तक बड़ी परीक्षाएं आयोजित कराएगा। करनाल स्थित मधुबन में एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) के निदेशक और सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया होगी। आयोग ने स्क्रीनिंग टेस्ट को लेकर तिथि तय कर दी हैं। हरियाणा लोक सेवा आयोग के अनुसार असिस्टेंट डायरेक्टर (डीएनए) और असिस्टेंट डायरेक्टर (लाई डिक्टेटर) की तीन नवंबर को परीक्षा होगी। असिस्टेंट डायरेक्टर/सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर (साइबर फॉरेंसिक) और सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर (सीन ऑफ क्राइम) पदों के लिए छह नवंबर को परीक्षा आयोजित होगी।सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर (डाक्यूमेंट) और सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर (फिजिक्स) पदों के लिए सात नवंबर को परीक्षा की तिथि तय की गई है। असिस्टेंट डायरेक्टर/सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर (टॉक्सीकोलॉजी) और सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर पदों के लिए आठ नवंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### जजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का विस्तार

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, एससी सेल के प्रदेश प्रभारी पूर्व विधायक रमेश खटक, एससी सेल प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र भागीराम व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ में 32 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जीत सिंह मेहरा को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर कृष्ण दहिया, प्रकाश पंवार, डॉ रविंद्र धीन, नसीब उर्फ सोनू, हरी कृष्ण खटक, सूरजमल ग्रोवर और सुभाष वाल्मीकि होंगे।

### कर्मचारियों की विदेश यात्रा के नए दिशा-निर्देश जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वित्त विभाग ने सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों की विदेश यात्राओं के सम्बन्ध में नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और पूर्व में सभी आदेशों को निरस्त समझा जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है, द्वारा जारी ये दिशा-निर्देश ग्रुप ए, बी, सी एवं डी के सरकारी कर्मचारियों के साथ ही हरियाणा से जुड़े अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों पर भी लागू होंगे। वित्त विभाग इस संबंध में संबंधित प्रशासनिक विभाग की सिफारिश पर अनुमोदन प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की विदेश यात्राओं के संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। हालांकि वित्त विभाग की मंजूरी जरूरी होगी।

## डॉ. कलाम को राष्ट्र सदैव सम्मान की भावना के साथ याद रखेगा

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने बुधवार को राजभवन में भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और इस अवसर पर सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़ के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की। देश के मिसाइल कार्यक्रम का नेतृत्व करके एक सशक्त भारत के निर्माण में डॉ. कलाम के अभूतपूर्व योगदान को याद करते हुए राज्यपाल प्रो. घोष ने कहा कि राष्ट्र उन्हें सदैव सम्मान और कृतज्ञता की गहरी भावना के साथ याद रखेगा।



**राज्यपाल ने किया नमन**

प्रो. घोष ने कहा कि डीआरडीओ और इसरो के एक अग्रणी वैज्ञानिक के रूप में, डॉ. कलाम ने भारत के स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षणों के सफल संचालन में अग्रणी भूमिका निभाई।

## थेहड़ पर पुरातत्व विभाग करेगा पोर्टा कैबिन की स्थापना



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा की ओर से 3 अप्रैल को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सिरसा में स्थित थेहड़ (टीला) का क्षेत्रफल और उस भूमि पर हो रहे विवादों को लेकर मामला उठाते हुए इस पर सरकार से स्पष्ट कदम उठाने का अनुरोध किया था। इसके जवाब में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 09 अक्तूबर को भेजे पत्र द्वारा बताया गया है कि थेहड़ के गेट नंबर 01 के पास पोर्टा केबिन की स्थापना करते हुए लघु प्रदर्शनी का प्रावधान होगा। गौरतलब हो कि सांसद कुमारी सैलजा ने तीन अप्रैल को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सिरसा थेहड़ को लेकर विषय को उठाया था। खाली करवाए गए थेहड़ पर अब पुरातत्व विभाग क्या करना चाहता है, थेहड़ से विस्थापित किए गए परिवारों को अभी तक स्थायी आवास नहीं करवाए गए है।

**दी महम सहकारी चीनी मिल लि. महम, जिला रोहतक**
**सामान्य सभा की सूचना व कार्य सूची**

दी महम सहकारी चीनी मिल लि. महम के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि मिल की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 31.10.2025 को प्रातः 11 बजे मिल प्रांगण में होनी निश्चित हुई है। अतः मिल के सभी अंशधारी सदस्यों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त निश्चित तिथि, समय व स्थान पर पहुंचकर बैठक में हिस्सा लें।

हस्ता/-प्रबंध निदेशक
सहकारी चीनी मिल लि.
महम

संवाद 1039/11/104/2026/39487/C/88/6 दि. 15.10.2025

### सीपीए कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेकर स्वदेश पहुंचा प्रतिनिधिमंडल



**चंडीगढ़।** बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में 5 से 12 अक्तूबर को आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) की 68वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के बाद हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल स्वदेश पहुंच गया है। इस सम्मेलन में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। इसमें शामिल हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के नेतृत्व में भाग लिया। कल्याण के अतिरिक्त विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, विधायक योगेंद्र राणा व अन्य भी साथ गए थे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में वार्ड 9 में पार्कों में बोल्लार्ड की आपूर्ति व स्थापना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.10.2025 | रु. 1,13,60,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39495/I/88/6 दि. 15.10.25

## भू-मित्र व्हाट्सएप चैटबॉट से राजस्व विभाग को मिलेगी गति : मिश्रा

**चंडीगढ़।** भू-मित्र व्हाट्सएप चैटबॉट के लॉन्च होने से हरियाणा के राजस्व विभाग की सेवाओं के लिए लंबी कतारों और जटिल नौकरशाही प्रक्रियाओं के दिन तेजी से खत्म हो रहे हैं। यह नवोन्मेषी डिजिटल-सहायक नागरिकों के सरकार के साथ संवाद करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल रहा है, जिससे किसी भी मोबाइल फ़ोन से प्रमुख सेवाएं तुरंत उपलब्ध हो रही हैं। हरियाणा राजस्व विभाग वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने भू-मित्र को सरल, पारदर्शी और सुलभ शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह चैटबॉट सरकारी सेवाओं को उनकी फिंगिर टिप्स पर लाकर लोगों को सशक्त बनाता है। व्हाट्सएप पर बस कुछ ही टैप से, कोई भी कभी भी, कहीं भी जानकारी प्राप्त कर सकता है, शिकायत दर्ज कर सकता है या आवेदन की स्थिति देख सकता है।

### कर्मचारियों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति में आएगी एकरूपता

**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति में एकरूपता लाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक राज्य सार्वजनिक उपक्रम अपनी वित्तीय स्थिति का वार्षिक मूल्यांकन करने के पश्चात संबंधित उपक्रम के निदेशक मंडल तथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से उस वित्त वर्ष के लिए कर्मचारियों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति की राशि निर्धारित करेगा।

## अमूल्या और अदिति ने मां के साथ आईपीएस पिता को दी अंतिम विदाई



योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी आईजी वाई पूरन कुमार के शव को 9वें दिन हिंदू रीति रिवाजों के साथ में संस्कार नसीब हुई, जमकर सियासत भी हुई और कई पार्टियों के बड़े बड़े नेता बिहार चुनाव का मौसम देख सियासी लाभ हानि का हिसाब लेकर चंडीगढ़ पहुंचे। इसके साथ ही बाहर लगे डेढ़ सौ चैनलों के सामने अपनी बात रखी। बुधवार को सेक्टर 25 चंडीगढ़ का शमशान घाट का नजारा बदला हुआ था। आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) में जन्मे पले वाई पूरन कुमार का पूरा परिवार उनकी अचानक इस तरह की मौत के बाद से गहरे गम में हैं। उनके भाई, भाभी मां बाप सभी के मुंह से शब्द नहीं निकले। पीछे दो बेटियां छोड़कर गए हैं, बुधवार की शाम को जब दो बेटियों ने पिता को मुखाग्नि दी, तो दृश्य बड़ा ही मार्मिक था, हर कोई गमगीन और हर आंख नम थी।

### पुलिस और प्रशासन ने ली राहत की सांस

बहरहाल, पुलिस और प्रशासन ने अंतिम संस्कार के साथ ही राहत की सांस ली है। संस्कार के साथ ही अब कम से कम तनाव और रोजाना वीवीईपी मूवमेंट से भी राहत मिलेगी। कुल मिलाकर चंडीगढ़ सेक्टर 24 स्थित दिवंगत आईपीएस की पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार के आवास के आसपास भी अब सुरक्षा और ट्रैफिक आदि कम कर दिया गया है। देर शाम तक चप्पे चप्पे पर सुरक्षा थी और सड़कों पर वीवीआईपी मूवमेंट के कारण भी पुलिस कर्मियों को खासा सिरदर्द था।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/123, दिनांक 11.10.2025;** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे रेल इंजन कारखाना, जमालपुर, जिला मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन हेतु समुचित वित्तीय एवं तकनीकी संसाधन के साथ प्रमाणित अनुभव एवं दक्षता रखने वाले निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा केस सं.:** एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/123, **कार्य का नाम:** जेएमपी के 9 सेट पावर पैक (1 अदद कमिन्स इंजन मॉडल एन 855 आर एवं 1 अदद हिन्दुस्तान ट्रांसमिशन (एलिसन) मॉडल सीआरटी-5633 मेक एम-IV टावर कार तथा 8 अदद कमिन्स इंजन मॉडल एनटी 855 आर एवं 8 अदद हिन्दुस्तान ट्रांसमिशन (एवटेक) मॉडल फूलटास का सीआरटी-5633 मेक एम-IV टावर कार की ओवरहॉलिंग एवं चालू करना। **निविदा मूल्य:** रु. 4,42,65,182.44; **बोली सुरक्षा:** रु. 3,71,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी, अप्रैल, 2022 के भाग I के कार्यों के लिए अनुच्छेद 03 निविदाओं के अनुसार)। **कार्य समापन की तारीख:** सम्पूर्ण कार्य स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 24 महीने के अंदर सम्पन्न करना होगा। हालांकि, प्रत्येक ओवरहॉल किए गए पावर पैक की डिलीवरी पावर पैक के संग्रह किए जाने की तारीख से 45 दिनों के अंदर की जानी चाहिए। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.11.2025 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। "समतुल्य प्रकृति के कार्य" की परिभाषा: निविदादाता को रेलवे/मेट्रो रेल के टावर वैगनों में इस्तेमाल किए जाने वाले किसी भी निर्माता की इंजन/ड्राइव का या तो ओईएम अथवा उसका अधिकृत डीलर होना चाहिए, जिनके पास रेलवे/मेट्रो रेल के टावर वैगनों की इंजन/ड्राइवर की मरम्मत/ओवरहॉलिंग का अनुभव हो।
(MISC-234/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| एनआईटी | 92, 93, 94, 95, 96, 97, 98, 99, 100- 2025-26-डब्ल्यू-4 |
|---|---|
| **काम का नाम (स्थान के साथ) : 92.** एडीईएन/आरओके सेक्शन में एसएसई/डब्ल्यू/बीजीजेड के अंतर्गत एमजीएलपी, एमसीक्यू, एनएनओ स्टेशन पर प्लेटफार्म और वाटर बूथ, शौचालय, साइनेज बोर्ड की मरम्मत, **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| **93.** ADEN/ROK खंड में बरसात के मौसम के दौरान LHS का जल-निष्कासन, **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| **94.** ADEN/JHL खंड में बरसात के मौसम के दौरान LHS का जल-निष्कासन। **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| **95.** ADEN/JHI खंड में बरसात के मौसम के दौरान LHS का जल-निष्कासन। **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| **96.** एडीईएन/जेएचएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेएचएल खंड में बुढलाडा रेलवे स्टेशन पर मध्यम स्तर के प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 को उच्च स्तरीय प्लेटफार्म तक ऊंचा और विस्तारित करना। **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| **97.** ड्यूटी हट्स की मरम्मत और रखरखाव, एडीईएन/आरओके के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/बीजीजेड के खंड में लेवल क्रॉसिंग पर शौचालयों का सुधार, **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य | |
| **98.** एडीईएन/जेएचएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेएचएल खंड में बीआरजेड रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1, 2 और 3 के प्लेटफार्म सतह का उन्नयन, विस्तार, सुधार। **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| **99.** एडीईएन/जेएचएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेएचएल खंड में एसएसजेड रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1, 2 और 3 के प्लेटफार्म सतह का उन्नयन, विस्तार, सुधार। **कार्य की रागान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी रिाविल कार्य। | |
| **100.** एडीईएन/जेएचएल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेएचएल खंड में डीटीएन रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 के प्लेटफार्म सतह का उन्नयन, विस्तार, सुधार। **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |

| | | |
|---|---|---|
| **काम की अनुमानित लागत (रुपये)** | **92.** रुपये 15000185.88 | **93.** रुपये 5321289.63 |
| | **94.** रुपये 5321289.63 | **95.** रुपये 7142450.38 |
| | **96.** रुपये 41187313.64 | **97.** रुपये 14986208.07 |
| | **98.** रुपये 29878039.65 | **99.** रुपये 28732557.40 |
| | **100.** रुपये 40103674.23 | |

**अग्रिम राशि (रुपये) :** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (**नोट:**– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा.।)

| | | |
|---|---|---|
| **92.** रुपये 2,25,000.00 | **93.** रुपये 1,06,400.00 | **94.** रुपये 1,06,400.00 |
| **95.** रुपये 1,42,900.00 | **96.** रुपये 3,55,900.00 | **97.** रुपये 2,24,900.00 |
| **98.** रुपये 2,99,400.00 | **99.** रुपये 2,93,700.00 | **100.** रुपये 3,50,500.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **काम की समाप्ति अवधि** | **92.** 06 महीने | **93.** 12 महीने | **94.** 12 महीने | **95.** 12 महीने |
| | **96.** 09 महीने | **97.** 06 महीने | **98.** 06 महीने | **99.** 06 महीने |
| | **100.** 09 महीने | | | |

| | |
|---|---|
| **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय** | 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा 07.11.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा** | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

सं. 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/92, 93, 94, 95, 96, 97, 98, 99, 100 दिनांक: 14.10.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3175/2025



रोहतक
गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 257
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.5
न्यून. 15.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



4 इशान ने संभाली पारी, ठोका शतक




डीजीपी को छुट्टी पर भेजे जाने के बाद माने आईपीएस के परिजन

चंडीगढ़ पीजीआई में हुआ पोस्टमार्टम

# पूरन कुमार का अंतिम संस्कार, एएसआई संदीप मामले में अमनीत व विधायक भाई पर एफआईआर

## देर शाम परिवार पोस्टमार्टम के लिए माना, संदीप का शव पीजीआई शिफ्ट, आज जुलाना में होगा अंतिम संस्कार

पति की अंतिम विदाई में फफक कर रोई अमनीत

दिनभर आवास पर लगा रहा लोगों का जमावड़ा

पुलिस की टुकड़ी ने दी सलामी बड़े अफसर पहुंचे

## सीएम के आश्वासन पर माना परिवार घर के सदस्य को सरकारी नौकरी



एएसआई
सुसाइड

**संदीप ने लाढ़ौत में मामा के खेतों में बने कोठरे में गोली मारकर की थी खुदकुशी**

**आत्महत्या से पहले वीडियो भी बनाया चार पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा**

**आईपीएस पूरन पर जड़े भ्रष्टाचार के आरोप एसपी बिजारणिया को बताया था ईमानदार**

**संदीप से एसआईटी ने की थी पूछताछ नोटिस भेजकर बुलाया था चंडीगढ़**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर आत्महत्या करने वाले एएसआई संदीप लाठर के परिवार की मांग पर आईपीएस पूरन की पत्नी आईएएस अमनीत कुमार, उनके भाई आप विधायक अमित मान व आईपीएस के गनमैन सुशील समेत चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद संदीप के परिजन मोस्टमार्टम के लिए मान गए। शव को रात में ही पीजीआई शिफ्ट कर दिया गया। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद दोपहर 12 बजे जुलाना में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं, सरकार ने पूरी जांच करने, न्याय दिलाने और घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया है। इससे पहले परिजन संदीप का शव रोहतक के लाढ़ौत गांव में मामा के घर पर रखकर बैठे थे। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार और महिपाल ढांडा परिवार को सांत्वना देने के लिए लाढ़ौत गांव पहुंचे। वहीं, इनेलो नेता अभय चौटाला ने भी संदीप लाठर के परिवार से मुलाकात की थी। सीएम ने न्यायिक जांच का आश्वासन दिया था।

पूर्व सीएम हुड्डा बोले, हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाई जाए मामले की जांच

इनेलो नेता अभय चौटाला ने परिवार से की मुलाकात दी सांत्वना

### मुख्यमंत्री सैनी पहुंचे लाढ़ौत कार्रवाई का दिया भरोसा

बुधवार सुबह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं लाढ़ौत गांव पहुंचे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार और महिपाल ढांडा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। संदीप के मामा के बेटे संजय देशवाल ने बताया, मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई और न्यायिक जांच का भरोसा दिया है।

### चार पेज का सुसाइड नोट और एक वीडियो बरामद

संदीप ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया था और चार पेज का सुसाइड नोट छोड़ा था। इनमें उसने आईपीएस वाई. पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार और महिला कर्मचारियों के शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। सुसाइड नोट बरामद कर लिए गए हैं।

### चंडीगढ़ एसआईटी ने की थी संदीप से पूछताछ

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को आईपीएस वाई पूरन कुमार ने चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले की जांच के लिए गठित चंडीगढ़ एसआईटी ने 11 अक्टूबर को रोहतक पहुंचकर कई पुलिसकर्मियों से पूछताछ की थी। इसमें एएसआई संदीप लाठर से भी पूछताछ की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, संदीप से पूछताछ के बाद भी वह रोजाना ड्यूटी पर आ रहा था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से परेशान था।

### गांव वालों का समर्थन पुलिस बल तैनात

परिवार ने संदीप का शव रोहतक के लाढ़ौत गांव में मामा के घर पर रखा हुआ था। घर के बाहर भारी संख्या में ग्रामीण, समर्थक और राजनीतिक कार्यकर्ता जुटे हुए थे। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। परिवार न्यायिक जांच और दोषियों की गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों पर अड़े हुए थे।

### सियासी हलचल तेज

इस घटना ने प्रदेश की राजनीति को भी हिला दिया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने लाढ़ौत पहुंचकर परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। हम परिवार के साथ खड़े हैं। वहीं भूपेंद्र हुड्डा ने हाईकोर्ट के सीटिंग जज से पूरे प्रकरण की जांच की मांग उठाई है।

## दोनों बेटियों ने मां के साथ मिलकर दी पिता को अंतिम विदाई, हर आंख नम



आईपीएस
सुसाइड

**मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई**

**मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित कई बड़े अधिकारी रहे मौजूद**

**सीनियर आईपीएस ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित सरकारी बंगले पर खुद को मार ली थी गोली**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सीनियर आईपीएस वाई पूरन कुमार का बुधवार को अंतिम संस्कार हो गया। दोपहर 3 बजे कोठी से पूरन कुमार की अंतिम यात्रा निकली, जो करीब 4 बजे सेक्टर-25 स्थित श्मशान घाट पहुंची। यहां उन्हें पुलिस की टुकड़ी ने सलामी दी और बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस-प्रशासन और सरकार के प्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आईपीएस की दोनों बेटियों ने उन्हें मुखाग्नि दी। मौके पर आईपीएस की पत्नी आईएएस अमनीत पी. कुमार के साथ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व श्याम सिंह राणा, एसीएस गृह सुमिता मिश्रा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, नवनियुक्त डीजीपी ओपी सिंह, आदि मौजूद रहे। इससे पहले सुबह पूरन कुमार के सुसाइड के नौवें दिन चंडीगढ़ पीजीआई में उनका पोस्टमॉर्टम हुआ। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस पूरे प्रोसेस में करीब 4 घंटे लगे। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) को दी जाएगी। दोपहर 2.20 बजे एम्बुलेंस पूरन कुमार की डेडबॉडी लेकर सेक्टर-24 स्थित कोठी पर पहुंची। सीनियर आईपीएस ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित सरकारी बंगले पर खुद को गोली मार ली थी। आईपीएस सुसाइड मामले में 15 सीनियर अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### आठ पेज का सुसाइड नोट, वसीयत छोड़ी

पूरन कुमार ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपने आवास पर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया था। उन्होंने 8 पेज का सुसाइड नोट और एक पेज की वसीयत छोड़ी है। सुसाइड नोट में उन्होंने हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया समेत 15 मौजूदा व पूर्व अधिकारियों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। सुसाइड के बाद शाम को खुलासा हुआ कि एक दिन पहले रोहतक पुलिस ने पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार को शराब कारोबारी से रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

### शमशान में ही नारेबाजी लोगों ने दिखाया गुस्सा

दलित संगठनों, चंडीगढ़ के सफाई कर्मचारी नेताओं और दूर दराज से आए लोगों ने शमशान में ही अंतिम संस्कार प्रक्रिया के अंतिम चरण में हरियाणा सरकार मुर्दाबाद की नारेबाजी कर दी। इस दौरान हंगामा और शोरगुल मच गया। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया और दोनों मंत्रियों को सुरक्षा के घेरे में ले लिया, जिसके साथ ही गाड़ी में बैठाकर बाहर निकाला। हंगामा और शोरगुल देखने के बाद में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अफसर भी अपनी अपनी गाड़ियों में बैठकर सुरक्षा के बीच में बाहर निकाले गए।


## खबर संक्षेप

### दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट बंद



**नई दिल्ली।** दीपावली,छठ पूजा में स्टेशनों पर भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दिल्ली समेत कई बड़े स्टेशनों पर 28 अक्टूबर तक प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी है। केवल कन्फर्म टिकट वाले ही जा सकेंगे। बुजुर्गों, महिलाओं और अनपढ़ों को इसमें छूट प्रदान की है।

### छत्तीसगढ़ : 78 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में बस्तर क्षेत्र के तीन जिलों में 43 महिला नक्सलियों और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के दो सदस्यों समेत 78 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। यह घटनाक्रम महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में मंगलवार को वरिष्ठ नक्सली मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति और 60 अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक आत्मसमर्पण के बाद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि बस्तर क्षेत्र के सुकमा जिले में 10 महिलाओं समेत 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## संरा मानवाधिकार परिषद का सदस्य बना भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

**1 जनवरी 2026 से शुरू होगा परिषद में भारत का तीन वर्षीय कार्यकाल**

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत सातवीं बार संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के सदस्य के रूप में चुना गया है। जिसमें उसका कार्यकाल वर्ष 2026 से 2028 तक रहेगा। बीते मंगलवार को अपनी एक एक्स पोस्ट में चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए परिषद ने यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि भारत का यूएनएचआरसी में यह तीन साल का कार्यकाल अगले वर्ष 1 जनवरी 2026 से शुरू होगा। पूर्व में भारत ने परिषद में बीते वर्ष 2024 में अपनी भूमिका का निर्वाह किया है। यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी.हरीश ने एक्स पोस्ट में मानवाधिकार परिषद में भारत के सातवें कार्यकाल के लिए चुने जाने के लिए सभी प्रतिनिधिमंडलों का उनके समर्थन को लेकर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अब बच्चों के एंटीबायोटिक सिरप में मिले कीड़े, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ग्वालियर

**एजिथ्रोमाइसिन बांटने पर रोक, ग्वालियर से सैंपल भेजे भोपाल**

ग्वालियर में बच्चों को दी जाने वाली एंटीबायोटिक दवा एजीथ्रोमाइसिन ओरल सस्पेंशन सिरप में कीड़े मिलने का मामला सामने आया है। एक महिला ने इसकी शिकायत की थी। जिसके बाद ड्रग विभाग ने तत्काल सिरप के बांटने पर रोक लगा दी है। सैंपल जांच के लिए भोपाल की लैब में भेजे हैं। साथ ही पूरे प्रदेश में इस दवा को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। ये एंटीबायोटिक पूरे प्रदेश में सप्लाई की जाती है। यह मामला जिला अस्पताल मुरार के अधीन प्रसूति गृह अस्पताल का है। ओपीडी में बच्चे को दिखाने आई एक महिला को डॉक्टर ने एजिथ्रोमाइसिन सिरप दवा वितरण केंद्र से दिलवाया था। जब महिला ने सिरप खोला, तो उसमें काले रंग के कीड़े जैसे तत्व दिखाई दिए। महिला ने इसकी जानकारी सिविल सर्जन डॉ. आरके शर्मा को दी, जिसके बाद तुरंत जांच शुरू की गई।

फैन्स ने आगजनी की, कई पुलिसकर्मी हुए घायल

## जुबीन गर्ग की मौत, आरोपियों के काफिले पर पथरबाजी, बवाल

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के बक्सा जिले में बुधवार को उस समय हिंसा हो गई, जब सिंगर जुबीन गर्ग की मौत मामले में गिरफ्तार 5 आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल लाया गया। भीड़ ने जेल के बाहर आरोपियों को ले जा रही पुलिस गाड़ियों पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पथराव में पुलिसकर्मी और पत्रकार घायल हो गए। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। आरोपियों में इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकानु महंता, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, सस्पेंडेड अफसर संदीपन गर्ग, दो पीएसओ नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य शामिल हैं।

**पांचों आरोपी न्यायिक हिरासत में**

नॉन एसी रजिस्टर्ड हुई थी बस एसी में मॉडिफाई करवाई

## जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद दो अधिकारी सस्पेंड

**जैसलमेर (एजेंसी)।** जैसलमेर। राजस्थान में स्लीपर बस अग्निकांड में बुधवार को सरकार ने एक्शन लिया। हादसे का शिकार हुई बस की बॉडी को चित्तौड़गढ़ में परिवहन विभाग ने अप्रूव किया था। बस बॉडी को अप्रूव करने वाले चित्तौड़गढ़ के कार्यवाहक डीटीओ सुरेंद्र सिंह और सहायक प्रशासनिक अधिकारी चुन्नी लाल को सस्पेंड कर दिया। बस मालिक ने नियमों की अनदेखी करते हुए नॉन एसी को एसी बस में मॉडिफाई करवा लिया था, जिसकी भनक परिवहन विभाग को भी नहीं लगी। हादसे में 21 लोगों की मौत हो चुकी है।

**मौत का आंकड़ा बढ़ा, अब तक 21 की मौत**

गुंटूर स्टेशन पर महिला डिब्बे में जबरन घुसा आरोपी

## संतरागाछी एक्सप्रेस में महिला से दुष्कर्म, कोच में अकेली थी

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर और पेद्दाकुरापाडु रेलवे स्टेशनों के बीच एक पैसेंजर ट्रेन में महिला के साथ रेप की घटना सामने आई है। आरोपी ने चाकू दिखाकर महिला से रेप किया। उसने पीड़ित के 5500 से ज्यादा रुपये और फोन भी लूट लिया। घटना 13 अक्टूबर को हुई जब राजामहेंद्रवरम की रहने वाली महिला, यहा चरलापल्ली जाने के लिए संतरागाछी स्पेशल एक्सप्रेस में सवार हुई। पीड़ित, महिला कोच में थी और शुरुआत में अकेली यात्रा कर रही थी। ट्रेन, गुंटूर रेलवे स्टेशन पर रुकी तो 40 साल का व्यक्ति कोच में घुस गया।

**चाकू दिखाकर धमकाया, मोबाइल-पैसे भी लूटे**

## 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत

**रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक 2 घंटे कर सकेंगे आतिशबाजी**

*सुनवाई के दौरान सीजेआई गवई बोले, हमें बैलेंस अप्रोच अपनानी होगी लेकिन पर्यावरण के साथ समझौता नहीं कर सकते। कुछ नियम शर्तों के साथ केवल ग्रीन पटाखे खरीदने और फोड़ने की इजाजत रहेगी।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दे दी। हालांकि, ये परमिशन 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए है। इस दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश देते हुए कहा कि हम कुछ शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की इजाजत दे रहे हैं। सीजेआई गवई ने कहा कि हमें बैलेंस अप्रोच अपनानी होगी, लेकिन पर्यावरण के साथ समझौता नहीं करेंगे।

### पर्यावरण से समझौता नहीं कर सकते

#### कोर्ट ने याचिकाओं पर की सुनवाई

दिल्ली-एनसीआर के राज्यों और केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिवाली, गुरु पर्व और क्रिसमस जैसे त्योहारों पर ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने 10 अक्टूबर को ग्रीन पटाखों के निर्माण और बिक्री की इजाजत मांगने वाली याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।



#### सुप्रीम कोर्ट की शर्तें

- गश्ती दल हर ग्रीन पटाखे बनाने वाले निर्माताओं की जांच करेगा।
- ग्रीन पटाखों के डिब्बों पर लगे क्यूआर कोड वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।
- एनसीआर क्षेत्र से बाहर से कोई भी पटाखा लाने की इजाजत नहीं होगी।
- अगर नकली पटाखे पाए जाते हैं तो लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। अगर नकली पटाखे पाए जाते हैं तो लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

#### वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार नहीं

सीजेआई ने आदेश सुनाते हुए कहा, "पारंपरिक पटाखों की तस्करी की जाती है, जो अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। हमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा।" पीठ ने उन आंकड़ों पर भी गौर किया कि पहले के प्रतिबंधों के बावजूद वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार नहीं दिखाई दिया।

## खबर संक्षेप

### धान अवशेष में आग लगाने पर मामला दर्ज

**कैथल।** थाना तितरम पुलिस ने धान अवशेष में आग लगाने के आरोप में एक किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कैथल के हल्का पटवारी ईश्वर ने थाना तितरम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 अक्टूबर को गांव देवबन के किसान कर्मवीर द्वारा जिला प्रशासन तथा सरकारी आदेशों की अवहेलना करते हुए धान अवशेषों में आग लगाई।

### तस्कर 3 किग्रा अफीम सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने जिले के ओढां क्षेत्र से एक अंतराज्यीय अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन किलोग्राम अफीम बरामद की है। पकड़ी गई अफीम की कीमत करीब छह लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ नाथूसरी चौपटा, सिरसा व मंदसौर मध्य प्रदेश में मादक पदार्थ तस्करी के अभियोग दर्ज हैं।

### जीजा ने साले की पत्नी को सल्फास ठूंस कर मारा

**जींद।** गांव बेरीखेड़ा में जीजा ने साले की पत्नी को जबरन सल्फास खिला कर हत्या कर दी। घटना के दौरान मृतका पति बाहर गया हुआ था। आखिर जीजा ने अपने साले की पत्नी को जहर देकर क्यों मारा, इसका खुलासा नहीं हुआ है। गावं बेरीखेड़ा निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अक्टूबर को वह बाहर गया था। घर में पत्नी मंजू (32) अकेली थी। पीछे से जीजा गांव कमालपुर फतेहाबाद निवासी संदीप उसके घर पर आया।

**लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन : धरना देने आए 30 से ज्यादा किसान हिरासत में**

# कुरुक्षेत्र में किसान नेता ने डीएफएससी को जड़ा थप्पड़

*धान के उठान में देरी को लेकर बड़ी संख्या में किसान डीसी ऑफिस के बाहर लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान माहौल अचानक गर्म हो गया और कहासुनी के बीच किसान नेता ने डीएफएससी को थप्पड़ जड़ दिया।*

### जीरी की हालत देखकर फूट फूटकर रोया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने डीएफएससी राजेश कुमार को थप्पड़ जड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने गुरनाम सिंह चढ़ूनी हिरासत में ले लिया है। धान की उठान में देरी को लेकर बड़ी संख्या में किसान डीसी ऑफिस के बाहर लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान माहौल अचानक गर्म हो गया और कहासुनी के बीच किसान नेता ने डीएफएससी राजेश आर्य को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने गुरनाम चढ़ूनी सहित 30 से अधिक किसानों को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुरंत हरकत में आए और हालात को काबू में किया गया। गुरनाम सिंह चढ़ूनी प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर ट्राली पर सवार थे।

### माहौल गर्म बना रहा



**कुरुक्षेत्र।** भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी को हिरासत में लेती पुलिस।

### सूखी फसल को मनमाने रेट में खरीदा जा रहा

सूखी फसल को भी मॉश्चर अधिक बताकर मनमाने रेट में खरीदा जा रहा है और किसान मजबूरी में उसी रेट पर बेच रहे है। जो धान की ट्रॉली लेकर वे जिला सचिवालय पहुंचे है उसकी कटाई भी 30 सितंबर से पहले की हुई है और इतने दिन बाद भी इसे लेने को तैयार नही है। चढ़ूनी ने बताया कि गांव चढ़ूनी जाटान के खरीद केंद्र पर चार आढ़ती धान खरीद का काम कर रहे है जहां तीन का धान कट लगाते हुए सेलर संचालकों ने आढ़तियां से मिलीभगत कर उठ लिया लेकिन उनके प्रतिष्ठान से आज तक धान उठान शुरू नही किया गया। उधर डीएफएससी राजेश कुमार को थप्पड़ जड़ने के बाद प्रजापति धर्मशाला के प्रधान पवन ने कहा कि पूरा ओबीसी समाज डीएफएससी राजेश कुमार के साथ है।

### इरादों को भांप नहीं पाए अधिकारी

इस दौरान ट्रैक्टर में पड़ी जीरी की हालत देखकर फूट फूटकर रोये। इस दौरान वह ट्राली से उतरे और पुलिस अफसरों से घिरे डीएफएससी राजेश कुमार को थप्पड़ जड़ दिया। पुलिस अफसर और कर्मचारी चढ़ूनी के इरादों को भांप नहीं पाए। पुलिस गुरनाम चढ़ूनी सहित अन्य किसान नेताओं को झांसा थाना ले गई। गुरनाम चढ़ूनी के थाना झांसा में होने की सूचना मिलते ही किसानों ने झांसा थाना के बाहर धरना दे दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। झांसा थाना से कुछ देर के लिए बाहर आए गुरनाम सिंह चढ़ूनी पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि थप्पड़ मामले में प्रशासनिक अधिकारी उनसे माफी मांगने के लिए कह रहे है लेकिन वे किसी भी सूरत में माफी नहीं मांगेगे।

### धान पर लगाए जा रहे कटों से रोष

बतां दे कि धान का उठान न होने व लगाए गए जा रहे कटों के विरोध में गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने धान से भरी ट्रेक्टर ट्राली लेकर डीसी कार्यालय के समक्ष पहुंचकर धरना शुरू किया। उनके साथ प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह मथाना, कैथल जिलाध्यक्ष गुरनाम फरल, विक्रम कसाना सहित अन्य किसान भी धरने पर बैठ गए। चढ़ूनी ऐलान किया कि समस्या का समाधान नही किया गया तो धरना दिन-रात चलाया जाएगा। चढ़ूनी ने धरने पर बातचीत करते हुए कहा कि अनाज मंडियों में कट के नाम पर किसानों से सरेआम लूट की जा रही है। आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारी राइस सेलर संचालकों से मिले हुए है। उन्होंने कहा कि भाकियू ने कड़ा संघर्ष किया तो सरकार ने 22 सितंबर से धान खरीद का एलान किया लेकिन आज तक भी सही रुप से खरीद नहीं की जा रही है।



**रेवाड़ी।** अजगर को पिंजरे में डालते वन विभाग के कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

# पेड़ पर चढ़ा अजगर, वाइल्ड लाइफ टीम ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धारूहेड़ा

जंगल बैबलर पर्यटन केंद्र के पास टाउन पार्क में बुधवार को घूमने के आए लोगों ने गुलमोहर के पेड़ पर लगभग 10 फुट लंबा अजगर देखा। इसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ वहां अजगर को देखने के लिए उमड़ पड़ी। पुलिस ने मौके पर जाकर वन्य प्राणी विभाग की टीम को सूचना दी। इसके बाद टीम रेस्क्यू करते हुए अजगर को अपने साथ ले गई। पार्क में टहलने के लिए आए कुछ लोगों ने पेड़ पर अजगर को चढ़ते देख लिया। इसके बाद आसपास के लोगों को भी वहां बुला लिया गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वन्य प्राणी विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद झाबुआ आरक्षित वन क्षेत्र में बने वन्य प्राणी विभाग की टीम पिंजरा लेकर पार्क पहुंची। कुछ समय के बाद अजगर को रेस्क्यू कर लिया गया। उसे पिंजरे में डालकर झाबुआ बीहड़ में छोड़ने के लिए टीम अपने साथ ले गई।

### वित्तीय तथा शेयर मामलों को लेकर सेबी की टीम की जींद में दस्तक



**जींद।** वित्तीय तथा शेयर मामलों को लेकर बुधवार को सेबी की टीम ने सैक्टर आठ के एक मकान तथा गांव छात्तर में दस्तक दी। टीम ने लगभग पांच घंटों तक दोनों स्थानों पर तथ्यों को खंगाला। टीम को क्या कुछ हाथ लगा। इसका खुलासा नही हो पाया। टीम मे शामिल अधिकारियो ने बातचीत से मना कर दिया। सेबी मुम्बई के सहायक मैनेजर गणेशन के नेतृत्व में बुधवार को सैक्टर आठ निवासी विक्रम के आवास पर दस्तक दी। विक्रम को फोर्स से वायलेंटरी रिटायर्ड बताया जा रहा है। मूल रूप से गांव छात्तर निवासी विक्रम ने लगभग डेढ़ साल पहले मकान खरीदा था। जिस समय सेबी ने दस्तक दी, उस दौरान विक्रम मौजद नही था। टीम ने लगभग 11 बजे तक घर में बनी रही। जिसके बाद टीम ने गांव छात्तर में भी उसके आवास पर दस्तक दी। टीम को क्या कुछ हाथ लगा। इसका खुलासा नही हो पाया।

### अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में चलेगा ज्योति मल्होत्रा का केस

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोपों में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का मामला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप मित्तल की कोर्ट में चलेगा। अब इसी कोर्ट में 19 नवंबर को चार्ज फ्रेम की प्रक्रिया पूरी होगी।

**जमानत याचिका पर अदालत ने 17 तक मांगा जवाब**

ज्योति पर पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप हैं। ज्योति के वकील कुमार मुकेश पहले ही ज्योति पर लगाई गई धाराओं को गलत बता चुके हैं। उन्होंने कहा कि ज्योति ने कोई सीक्रेट एक्ट का उल्लंघन नहीं किया। पुलिस चार्जशीट में ऐसा कोई सबूत पेश नहीं कर पाई, जिससे उसे सीक्रेट एक्ट में दोषी बनाया जाए। कुमार मुकेश ने बताया कि इसको आधार बनाकर जमानत याचिका लगाई गई है जिस पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. परमिंदर कौर की कोर्ट ने 17 अक्टूबर को पुलिस से जवाब मांगा है।

**क्लास में सीट को लेकर हुई थी कहासुनी**

# पानीपत में 9वीं के छात्र ने टाई से फंदा लगाया

- बच्चे के परिजनों ने स्कूल की प्रिंसिपल पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए
- स्कूल प्रबंधन ने स्कूल में बच्चे को प्रताड़ित करने के आरोप को निराधार बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में कक्षा नौवीं के छात्र मयंक पुत्र राजेश निवासी कश्यप कालोनी ने अपने घर पर अपने पावर्ती स्कूल की ड्रैक की टाई पर लटक कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। वहीं, मयंक के चाचा रविंद्र का आरोप है कि मयक को स्कूल के स्टाफ ने सबके सामने बेइज्जत किया और डांटा था। साथ ही उसकी क्लासमेट से भी सीट पर बैठने को लेकर कहासुनी हुई थी।

### की जा रही जांच

वह स्कूल से लौटा तो मानसिक रूप से परेशान था। जबकि स्कूल मैनेजमेंट ने इन आरोपों से खारिज कर दिया है। इधर, पार्वती स्कूल की प्रिंसिपल सविता शर्मा ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि मयंक होशियार व अनुशासित छात्र था। स्कूल में किसी भी तरह का विवाद नहीं हुआ था। स्कूल की हर कक्षा में वॉयस रिकॉर्डर और सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिनसे जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी। इधर, एसएचओ देवेंद्र ने बताया कि मयंक की मौत के मामले में पुलिस परिजनों और स्कूल स्टाफ दोनों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल मयंक की मौत के मामले की जांच जारी है।

**नारनौल में वारदात, बाथरूम में तार से लगाया फंदा**

# पुलिस चौकी में ट्यूशन टीचर ने किया सुसाइड, डायल 112 पकड़कर ले गई थी

- 4 दिन से था लापता, फोन कर मांगें परिजनों ने 10 हजार
- ड्यूटी मजिस्टेट एवं डीएसपी ने किया मौका मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बेरोजगार युवक छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर खुद का खर्चा चलाता था। अब चार दिन से घर से लापता था। अचानक बीती रात परिजनों के पास फोन आया और महावीर चौक आकर 10 हजार रुपये की डिमांड की। परिजनों ने इनकार कर दिया। घर लेकर चलने की जिद्द की तो वह भाग खड़ा हुआ। बताया जा रहा है कि बाद में नशे की हालत में डायल 112 की पुलिस युवक को पकड़कर पुलिस महावीर चौकी में छोड़ दिया। जहां रात को बाथरूम में तार को फंदा बनाकर आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। ऐसा क्यूं किया, यह वजह अभी सामने नहीं आई है। घटनाक्रम के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंपा दिया। पुलिस ने इस मामले में बीएनएसएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई की है।



**नारनौल।** घटनाक्रम से पहले डीसी आवास गेट पर बैठा युवक।

### चौकी में रात को छोड़कर गए थे डॉयल 112 के पुलिस कर्मी

चौकी के पुलिस कर्मियों ने बताया कि युवक को डायल 112 की गाड़ी नशे की हालत में लेकर आई थी। किसी ने फोन पर उसके नशे में होने की सूचना पुलिस को दी थी। इससे पहले वह डीसी आवास के बाहर बैठा था। डायल 112 की पुलिस टीम ने ही डीसी आवास के गेट के पास बैठे युवक की फोटो मोबाइल में उतारी और उसे महावीर चौकी में छोड़कर गए।

# बदमाशों ने बाइकों को लगाई आग, रंगदारी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** बाइक पर पेट्रोल डालते व आग लगाकर भागते दो युवक।

मोहल्ला छिपटवाड़ा में दो युवकों ने शहर के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति की दो बाइकों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बाद में एक लाख रुपये रंगदारी नहीं देने पर बाइकों के मालिक को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई। वारदात सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। सिटी पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में चेतराम ने बताया कि उसकी दो बाइक घर के बाहर खड़ी हुई थीं। इसी दौरान दो युवक वहां आ गए। उनमें से एक ने बाइकों पर पेट्रोल डाल दिया। दूसरा माचिस की तिल्ली फेंककर भाग गया। दोनों बाइक आग में जलकर राख हो गइं। इनमें से एक युवक का नाम हितेष बताया गया है, जबकि दूसरे का नाम नहीं पता चल सका था। आग लगाने के बाद दोनों युवक भाग गए। सीसीटीवी कैमरे में दोनों युवक बाइकों को आग लगाने की घटना को अंजाम देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। सिटी पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों को काबू करने के प्रयास शुरू कर दिए।


सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

**अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE-2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए देश भर के सैनिक स्कूल/नए सैनिक स्कूलों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल सोसाइटी (रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत) की ओर से AISSEE-2026 परीक्षा आयोजित करने जा रही है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि | 10.10.2025 to 30.10.2025 |
| परीक्षा की तिथि | माह जनवरी 2026 में |
| परीक्षा की पद्धति | पेन और पेपर के माध्यम से (OMR) |
| प्रश्नों के प्रकार | वस्तुनिष्ठ प्रकार (MCQs) |

परीक्षा के लिए पंजीकरण के संबंध में अन्य सभी आवश्यक विवरणों के साथ सूचना विज्ञप्ति राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट www.nta.ac.in & https://exams.nta.nic.in/sainik-school-society/ पर उपलब्ध है।

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि या इससे पहले आवेदन कर सकते हैं और नवीनतम अपडेट हेतु नियमित रूप से उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइटों पर जाए।

यदि किसी उम्मीदवार को AISSEE 2026 के लिए आवेदन करने में कठिनाई होती है, तो वह 011-40759000 / 011-69227700 पर संपर्क कर सकता है या aissee@nta.ac.in पर ई-मेल कर सकता है।

हस्ताक्षर/-
(निदेशक)

CBC 21354/12/0004/2526



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय :- एफएसएल मधुबन, करनाल, हरियाणा में सहायक निदेशकों / वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा**

घोषणा दिनांक 14.08.2025 की निरंतरता में, एफएसएल, मधुबन, करनाल, हरियाणा में सहायक निदेशकों / वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों के पद के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि कई कॉमन उम्मीदवार हैं जो ए.डी./एसएसओ (टॉक्सीकॉलोजी और साइबर फॉरेंसिक) के पद के लिए आवेदन कर चुके हैं। अतः, आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है।

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. | पद का नाम | विषय ज्ञान परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 7/2025 | सहायक निदेशक (डीएनए) | 03.11.25 (पूर्वान्ह) |
| 2. | 8/2025 | सहायक निदेशक (लाइ-डिटेक्शन) | 03.11.25 (अपराह्न) |
| 3. | 9/2025 और 11/2025 | सहायक निदेशक/वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (साइबर फॉरेंसिक) | 06.11.25 (पूर्वान्ह) |
| 4. | 12/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (सीन ऑफ क्राइम) | 06.11.25 (अपराह्न) |
| 5. | 13/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (दस्तावेज) | 07.11.25 (पूर्वान्ह) |
| 6. | 14/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी) | 07.11.25 (अपराह्न) |
| 7. | 10/2025 और 15/2025 | सहायक निदेशक/वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (टॉक्सीकॉलोजी) | 08.11.25 (पूर्वान्ह) |
| 8. | 16/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (एनडीपीएस) | 08.11.25 (अपराह्न) |

दिनांक : 15.10.2025

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/358/2026/39511/88/6 दि. 15.10.25



**बी. के. एन. राजकीय बहुतकनीकी नारनौल**

**प्रवेश सूचना व ट्रेनर हेतु साक्षात्कार**

हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण हेतु बी. के. एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल द्वारा CEGO Scheme के अन्तर्गत अल्पकालिक अवधि (अधिकतम 6 मास) के लिए मैरिट आधार पर नि० लि० Employment Oriented Training Programme निःशुल्क चलाए जा रहे हैं :-

| क्र. स. | कोर्स का नाम | सीट | न्यूनतम योग्यता | कोर्स का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कंप्यूटर ऑपरेटर | 25 | 10th पास | राजकीय बहुतकनीकी नारनौल |
| 2. | इलेक्ट्रिकल | 25 | 8th पास | राजकीय बहुतकनीकी नारनौल |
| 3. | प्लम्बिंग | 25 | 8th पास | राजकीय बहुतकनीकी नारनौल |
| 4. | सिलाई | 25 | 8th पास | ग्राम पंचायत भवन भूषण खुर्द नारनौल |
| 5. | ड्रेस मेकिंग | 25 | 8th पास | राजकीय प्राथमिक पाठशाला रघुनाथपुरा नारनौल |
| 6. | सिलाई | 25 | 8th पास | ग्राम पंचायत भवन पृथ्वीपुरा अटेली |
| 7. | सिलाई | 50 | 8th पास | ग्राम पंचायत भवन जाट-पाली-महेंद्रगढ़ |

ये कोर्स हरियाणा राज्य के अनुसूचित जाति के बच्चों की प्राथमिकता के लिए है जिन्हें नियमानुसार 500 रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी। उपरोक्त कोर्स में अनु. जाति के न्यूनतम 40% अभ्यार्थी होने पर ही कोर्स चलाया जाएगा। न्यूनतम आयु सीमा 14 वर्ष है और फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 03/11/2025 व कोर्स शुरू होने की तिथि 10/11/2025 है। फॉर्म संस्था में निःशुल्क उपलब्ध हैं। इसके लिए श्री सिकन्दर सिंह ( 9466096054 ) कर्मशाला अनुदेशक से संपर्क करें ।

उपरोक्त कोर्सेज से सम्बंधित ट्रेनर की भी आवश्यकता है जिसके लिए शैक्षिक योग्यता सम्बंधित ट्रेड में आई.टी.आई. पास है और साक्षात्कार हेतु इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 06/11/2025 को प्रातः 10 बजे अपने मूल दस्तावेजों के साथ बी. के. एन. राजकीय बहुतकनीकी नारनौल में आ सकते हैं। इसके लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

हस्ता/-प्रधानाचार्य
बी० के० एन० राजकीय बहुतकनीकी,
नारनौल

पीआरडीएच 1115/11/503/2026/39508/88/6 दि. 15.10.2025



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में गांव खाबरा कलां में आवास सहित पीएचसी का निर्माण (सिक्योरिटी/स्ट्रीट लाइट्स और डीजी सैट का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 14.10.2025 29.10.2025 | 51.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जुलाना में बागनवाला से पोंकेरी खेड़ी तक नये रोड का निर्माण (रोड आईडी 12483) (बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 20.10.2025 | 20.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | अम्बाला कैंट जिला अम्बाला में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के शहीदों के सम्मान में युद्ध स्मारक में लैंडस्केपिंग कार्य का विकास (पुनः आमंत्रित)। | 16.10.2025 21.10.2025 | 7.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 4 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | इशेरगढ़ - गांव इशेरगढ़ ब्लॉक पिपली कुरुक्षेत्र में बाबा भीमराव अम्बेडकर भवन में कम्पाउंड में पेवर ब्लॉक का निर्माण, चारदिवारी और शौचालय का निर्माण + 2 कार्य। | 14.10.2025 30.10.2025 | 20.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | ब्राह्मणवास में एसएचसी का निर्माण + 20 कार्य। | 14.10.2025 21.10.2025 | 815.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01262-254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | घड़ी भरल - गांव देवीपुर ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में स्कीम वीएएनजीवाई 2024-25 के तहत महिला चौपाल/महिला एसएचजी मीटिंग हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 11.10.2025 20.10.2025 | 96.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/120/39512/I/88/6 दि. 15.10.25


## पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को सरकार का दिवाली तोहफा

# अलग-अलग मदों की सहायता राशि दोगुनी की, एक नवंबर से लागू होंगी संशोधित दरें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाने वाली योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों (ईएसएम) और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में शत प्रतिशत की वृद्धि करने को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस फैसले के बाद आश्रितों को शिक्षा, विवाह और निर्धनता अनुदान के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि दोगुनी हो गई है। संशोधित दरें आगामी एक नवंबर से लागू होंगी। बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये योजनाएं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाती हैं। यह निर्णय गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और निम्न आय वर्ग के आश्रितों के लिए सामाजिक सुरक्षा के ताने-बाने को सशक्त बनाता है। साथ ही, यह देश के पूर्व सैनिकों की सेवा, समर्पण एवं बलिदान के प्रति सरकार की अटूट सम्मानभावना और प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

> रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये योजनाएं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाती हैं। इस फैसले के बाद आश्रितों को शिक्षा, विवाह और निर्धनता अनुदान के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि दोगुनी हो गई है



**विवाह अनुदान राशि अब 1 लाख रुपए प्रति लाभार्थी**

**शिक्षा अनुदान राशि अब बढ़कर 2000 रुपए प्रति माह**

◆ निर्धन अनुदान राशि 8000 रुपए प्रति माह दी जाएगी

### 65 वर्ष से अधिक आयु को निर्धनता अनुदान

*वित्तीय सहायता में की गई प्रमुख बढ़ोतरी इस के तहत निर्धनता अनुदान (पेनुरी ग्रांट) की राशि 4,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह सहायता 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वृद्ध और गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों तथा उनकी वीर नारियों को आजीवन आर्थिक सुरक्षा व निरंतर सहायता सुनिश्चित होगी। जिनकी कोई नियमित आय नहीं है।*

### दो पुत्रियों के लिए विवाह अनुदान

**बच्चों और वीर नारियों के लिए शिक्षा अनुदानः** शिक्षा अनुदान की श्रेणी में दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही वीर नारियों के लिए शिक्षा अनुदान एक हजार रुपए से बढ़ाकर दो हजार रुपए प्रति व्यक्ति प्रति माह कर दिया गया है, जिससे शिक्षा के अवसरों को और सशक्त सहयोग मिलेगा।

*सरकार की ओर से विवाह अनुदान में भी बढ़ोतरी की गई है। इसे 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1,00,000 रुपए प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अनुदान अधिकतम पूर्व सैनिकों की अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह और वीर नारियों के पुनर्विवाह पर लागू होगा, बशर्ते ये विवाह इस आदेश के जारी होने के बाद संपन्न हुए हों।*

**प्रति वर्ष 257 करोड़ का अतिरिक्त खर्चः** रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मंजूरी की गई नई दरें 1 नवंबर 2025 से प्राप्त आवेदनों पर लागू होंगी। इससे प्रति वर्ष लगभग 257 करोड़ रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा, जो सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष (आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे फंड-एएफएफडीएफ) से वहन किया जाएगा। ये सभी योजनाएं रक्षा मंत्री पूर्व सैनिक कल्याण कोष के तहत संचालित हैं, जो एएफएफडीएफ का एक उप-कोष है और पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए समर्पित है।

## साइबर खतरों के प्रति सजग होगी नौसेना

# समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने होगा आज मंथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सैन्य बल साइबर खतरों से निपटने और उनके प्रति सजग रहने को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय नौसेना एक महत्त्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित करने जा रही है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में बढ़ते साइबर खतरों की गहन समझ विकसित करना है। इसके साथ ही विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को सुदृढ़ कर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना भी इस पहल का उद्देश्य है।

यह विशेष कार्यक्रम 16 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा उद्घाटन सत्र में मुख्य संबोधन देंगे। नौसेना का कहना है कि यह संगोष्ठी पीएम नरेंद्र मोदी के 'महासागर' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं का करेंगे संचालन

*साइबर सुरक्षा में आत्मनिर्भरता लाने का यह प्रयास स्वदेशी, सुरक्षित-डिजाइन डिजिटल प्रणालियों और मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से किया जा रहा है। संगोष्ठी में विभिन्न मंत्रालयों एवं संगठनों के विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं का संचालन करेंगे। यहां प्रमुख रूप से पोत, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, गेल हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल शामिल हैं। इनके अलावा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना सुरक्षा केंद्र, राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन, और निजी क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ भी यहां अपने विचार साझा करेंगे। पैनल में साइबर खतरे और साइबर सुरक्षा से जुड़े कई विषय चर्चा की जाएंगी।*



## जीएसटी कटौती का किसानों को भी सीधा प्रॉफिट मिल रहा

नई दिल्ली। (ब्यूरो)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जैव कीटनाशकों और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती से किसानों को सीधे लाभ मिलेगा और उन्हें सशक्त बनाया जाएगा।

■ वित्त मंत्री ने साझा सुविधा केंद्र का किया उद्घाटन

कोप्पल ज़िले के मेघवाल गांव में किसानों के प्रशिक्षण एवं एग्रो-प्रोसेसिंग के लिए साझा सुविधा केंद्र के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जीएसटी को लोगों के लिए और सरल तथा लाभकारी बनाने का मार्गदर्शन दिया।

हमने नवरात्रि के पहले दिन से ही नया जीएसटी ढांचा लागू किया है। कई वस्तुओं पर कर दरें घटाई हैं जिनमें कृषि उपकरण जैसे ट्रैक्टर, सोलर चालित मशीनें और अन्य कृषि यंत्र शामिल हैं, जिनसे हमारे 'अन्नदाता' को सीधा फायदा होगा।

## सता रही ब्रिक्स की टेंशन, इस डर से ही हमने टैरिफ लगाए

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



■ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा कबूलनामा

भारत, रूस, चीन और ब्राजील जैसी दुनिया की मजबूत अर्थव्यवस्थाओं का मंच ब्रिक्स हमेशा से अमेरिका के लिए टेंशन की वजह रहा है। इससे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब भी उबर नहीं पाए हैं और उन्होंने खुद इस बात की पुष्टि की है। उनका कहना है कि ब्रिक्स ब्लॉक डॉलर पर सीधा हमला है। इसीलिए उन्होंने ब्रिक्स देशों के खिलाफ टैरिफ ऐक्शन लिया है। वाइट हाउस में मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि अब ऐक्शन के बाद से ब्रिक्स के सदस्य देश ग्रुप ही छोड़कर भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश एक नई व्यवस्था लाना चाहते थे ताकि अमेरिकी डॉलर को रिप्लेस किया जा सके।

**अमेरिकी अर्थव्यवस्था को कमजोर नहीं होने देंगेः** दरअसल यह चर्चाएं रही हैं कि ब्रिक्स देशों की ओर से डॉलर का एक विकल्प तैयार करने की कोशिशें हो रही हैं। ट्रंप का कहना था कि ऐसी कोई भी कोशिश सीधे तौर पर डॉलर पर हमला है। ऐसा करना अमेरिका की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास है, जो हम नहीं होने देंगे। ब्रिक्स में भारत, रूस, ब्राजील, चीन और साउथ अफ्रीका रहे हैं।

## अंतरिक्ष छोड़िए, भारत अब चांद पर 2040 तक भेजेगा इंसान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अध्यक्ष वी. नारायणन ने घोषणा की कि भारत 2040 तक चांद पर मानव भेजने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उनके मुताबिक 2027 में गगनयान मिशन की शुरुआत होगी, और 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन तैयार हो जाएगा। नारायणन ने रांची में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बिट) मेसरा के 35वें दीक्षांत समारोह में यह बात कही। नारायणन ने बताया कि गगनयान मिशन के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस मिशन से पहले तीन मिशन मानवरहित होंगे। पहला मिशन दिसंबर 2025 में होगा, जिसमें हाफ ह्यूमनॉयड रोबोट व्योममित्र अंतरिक्ष में जाएगा। इसके बाद 2026 में दो और मानवरहित मिशन होंगे। नारायणन ने कहा कि 2027 के पहले तिमाही में गगनयान के जरिए भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन पूरा होगा।

### दीपोत्सव 2025ः 2000 से अधिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे

## अवधी, भोजपुरी, ब्रज और फगुआ की सुर लहरियों से गूंजेगी अयोध्या

एक वृहद मंच तीन मध्यम मंच और सात छोटे मंचों पर होगी प्रस्तुति



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां दीपोत्सव 2025 को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार दीपोत्सव में 2000 से अधिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इनमें उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के करीब 500 कलाकार भी हिस्सा लेंगे। स्थानीय स्तर पर अयोध्या के लगभग 300 स्थानीय कलाकार भी इस भव्य आयोजन में शामिल होंगे। मंचों पर देशभर से आए कलाकार अवधी और भोजपुरी भजन व लोक संगीत की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### शोभायात्रा में 22 भव्य झांकियां शामिल होंगी

दीपोत्सव की शोभायात्रा में 22 भव्य झांकियां शामिल होंगी। इन झांकियों पर और उनके आगे-पीछे कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए चलेंगे। रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित इन झांकियों से श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभूति होगी। दीपोत्सव 2025 में अयोध्या न सिर्फ भक्ति और आस्था की नगरी बनेगी, बल्कि सांस्कृतिक विविधता का केंद्र भी होगी।



# यूरोप से इंग्लैंड ने सबसे पहले बनाई जगह, अफ्रीकी और एशियाई दिग्गजों ने किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा फुटबाल विश्व कप 2026 के लिए तीन बड़ी टीमें- दक्षिण अफ्रीका, आइवरी कोस्ट और सेनेगल ने अपना टिकट पक्का कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने रवांडा को 3-0 से हराकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 2010 के बाद पहला मौका है जब दक्षिण अफ्रीका फीफा विश्व कप में हिस्सा लेगा। इस जीत के साथ ही नाइजीरिया को अपने ग्रुप में दूसरा स्थान मिला और उसे अब प्लेऑफ के जरिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

हालांकि नाइजीरिया ने बेनिन को उसके घरेलू मैदान पर विक्टर ओसिमेन की हैट्रिक की बदौलत 4-0 से हराया। उधर, आइवरी कोस्ट ने कीनिया पर 3-0 की जीत दर्ज कर सीधा क्वालिफिकेशन हासिल किया, जबकि सेनेगल ने मॉरिटानिया को 4-0 से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं यूरोप से इंग्लैंड फुटबॉल विश्वकप में क्वालीफाई करना वाला पहला देश है। एशियाई देशों में क्वालिफाई के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर है।

## इटली, स्पेन ने भी बढ़ाई उम्मीदें

पिछले दो विश्व कप में जगह नहीं बना पाने वाला इटली अब प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुका है। उसने इज़रायल को 3-0 से हराया और अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। नॉर्वे फिलहाल तीन अंक आगे है और गोल अंतर में बेहतर स्थिति में है। वहीं स्पेन ने बुल्गारिया को 4-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। स्पेन अब तुर्किये से तीन अंक आगे है, जिसने जॉर्जिया को 4-1 से मात दी।



## इंग्लैंड लगातार आठवीं बार खेलगा फीफा विश्व कप

इंग्लैंड ने लाटविया पर 5-0 की बड़ी जीत के साथ विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया और इस तरह यूरोप का पहला देश बना, जिसने टूर्नामेंट में जगह पक्की की। कप्तान हैरी केन ने पहले हाफ में दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड ने अपने ग्रुप में दो मैच शेष रहते शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया। इंग्लैंड अब लगातार आठवीं बार फीफा विश्व कप खेलेगा। जर्मन कोच थॉमस ट्यूशेल के नेतृत्व में इंग्लिश टीम ने अब तक क्वालिफाइंग के छह मैचों में एक भी गोल नहीं खाया है।

## कतर और सऊदी अरब की जगह पक्की

एशियाई क्वालिफायर के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर विश्व कप 2026 में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। कतर ने दोहा में खेले गए मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 2-1 से हराया, जबकि सऊदी अरब ने जेद्दा में इराक के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। दोनों टीमें अब एशिया से विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सातवीं और आठवीं टीम बन गई हैं। कतर दूसरी बार विश्व कप में हिस्सा लेगा। पिछली बार वह मेजबान देश के रूप में खेला था। लेकिन इस बार कतर ने अपने दम पर क्वालीफिकेशन हासिल किया, जो उसके फुटबॉल इतिहास में एक नया अध्याय है। सऊदी अरब अब तक सातवीं बार विश्व कप में हिस्सा लेने जा रहा है। इससे पहले जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन एशिया से जून में ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए रोहित-विराट ने भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत के ऑस्ट्रेलियाई दौरे का आगाज 19 अक्टूबर से होना है और इसके लिए विराट कोहली व रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों सहित टीम इंडिया के कई खिलाड़ी रवाना हुए। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया एक दो नहीं बल्कि तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलती नजर आएंगे। इसकी शुरुआत 19 अक्टूबर से होनी है।

### नॉर्वे ने शुरू की शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर

**नई दिल्ली।** नॉर्वे शतरंज के आयोजकों ने बुधवार को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर को शुरू करने की घोषणा की, जिसमें हर साल चार प्रतियोगिताएं होंगी और तीनों प्रारुप फास्ट क्लासिक, रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में एक संयुक्त चैंपियन होगा। नॉर्वे शतरंज के सीईओ केजेल मैडलैंड ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### राशिद खान बने नंबर वन गेंदबाज

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को बड़ा झटका लगा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को पुरुष क्रिकेट की ताजा रैंकिंग जारी की। वनडे रैंकिंग में दोनों खिलाड़ी एक-एक पायदान नीचे खिसक गए। अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जदरान को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने का फायदा मिला।

## रणजी ट्रॉफी : किशन और साहिल ने की 150 रन की अटूट साझेदारी

# इशान ने संभाली पारी, ठोका शतक, झारखंड ने तमिलनाडु के खिलाफ बनाए 307 रन

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

कप्तान इशान किशन के शतक से झारखंड ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन बुधवार को तमिलनाडु के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए छह विकेट पर 307 रन बनाए। भारतीय टीम में अपनी जगह गंवाने वाले किशन दिन का खेल खत्म होने पर 183 गेंद में नाबाद 125 रन बनाकर खेल रहे थे। साहिल राज 64 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। झारखंड पर 200 रन से कम पर सिमटने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन किशन और साहिल ने सातवें विकेट के लिए 150 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। तमिलनाडु की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने 51 रन देकर तीन विकेट चटकाए। एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर डीटी चंद्रशेखर ने दो विकेट हासिल किए।



### विदर्भ में नगालैंड के खिलाफ पहले दिन बनाए 302 रन

बेंगलुरु में गत चैंपियन विदर्भ में नगालैंड के खिलाफ पहले दिन तीन विकेट पर 302 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अमन मोखाडे ने नाबाद 148 रन की पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर यश राठौड़ 66 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। ध्रुव शौरे ने भी 64 रन की पारी खेली। कानपुर में सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर केएस भरत (144) के शतक से आंध्र ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 289 रन बनाए। उन्होंने 244 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके मारे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शेख रशीद दिन का खेल खत्म होने पर 94 रन बनाकर खेल रहे थे। कटक में ओडिशा ने राजेश धूपर (नाबाद 76) के अर्धशतक से बड़ौदा के खिलाफ पांच विकेट पर 205 रन बनाए।

### बंगाल ने उत्तराखंड को 213 रन पर समेटा

**कोलकाता।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार गेंद में तीन विकेट चटकाए, जिससे बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्रिकेट एलीट ग्रुप सी मैच के पहले दिन बुधवार को उत्तराखंड को 213 रन पर समेट दिया। इसके जवाब में बंगाल ने भी पारी की पहली ही गेंद पर कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (00) का विकेट गंवाकर दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर आठ रन बनाए। सुदीप चटर्जी (नाबाद 01) और सुदीप कुमार घरामी (07) स्टंप के समय क्रीज पर थे। बंगाल की टीम अभी उत्तराखंड से 205 रन से पीछे है। चोटों और खराब फॉर्म में बाद लय हासिल करने की कोशिशों में जुटे 35 साल के शमी को बुधवार को अपने शुरुआती 14 ओवर में कोई सफलता नहीं मिली लेकिन उत्तराखंड की पारी के अंतिम लम्हों में उन्होंने रिवर्स स्विंग का जादू चलाया।

### पडिक्कल, करुण और स्मरण का अर्धशतक

**राजकोट।** देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर और आर स्मरण के दमदार अर्धशतक की बदौलत कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के पहले दिन सौराष्ट्र के खिलाफ पांच विकेट पर 295 रन बनाए। पडिक्कल (96 रन, 141 गेंद, 11 चौके) और नायर (73, 126 गेंद, नौ चौके) ने तीसरे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। इन दोनों ने उस समय पारी को संवारा जब बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा (100 रन पर चार विकेट) ने सलामी बल्लेबाज निकिन जोस और कप्तान मयंक अग्रवाल को पारी की शुरुआत में जल्दी पवेलियन भेजा। दिन का खेल खत्म होने पर स्मरण (नाबाद 66 रन, 120 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ अनुभवी श्रेयस गोपाल क्रीज पर डटे थे। जोस और अग्रवाल के केवल 26 रन तक पवेलियन लौटने के बाद कर्नाटक की टीम लड़खड़ा रही थी और पडिक्कल तथा विदर्भ के साथ दो सत्र खेलने के बाद वापस लौटे नायर ने पारी को संवारा।

## विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियन

# प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे तन्वी, उन्नति और रक्षिता

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री रामराज ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्तो को 15-12, 15-7 से हराया जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने अमेरिका की एलिस वैंग को 15-8, 15-5 से शिकस्त दी। दसवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सिंगापुर की आलिया जकारिया को 11-15, 15-5, 15-8 से हराया। तन्वी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की ली युआन सुन से भिड़ेंगी। ली ने तीसरे दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त लियाओ जुई-ची को 15-12, 15-12 से हराया। रक्षिता श्रीलंका की चौथी वरीयता प्राप्त रानीथमा लियानागे के खिलाफ खेलेंगी, जिन्होंने मलेशिया की लेर क्यू इंग को 15-9, 15-12 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



800 तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्तो को दी मात

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Vivek Tomar**
City Civil Court
**Rakesh**
**Vs.**
**State Of Haryana through Collector**
CNR No. HRJRA0-000986-2017
Next Date : 01.11.2025
A decree for mandatory injunction
**PLAINTIFF-RAKESH S/O ZILE SINGH R/O VILLAGE BUPANIA**
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Garnal Public**
**Other:-**
**Jhajjar, Haryana**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **01.11.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Bahadurgarh
Dated, this day of 26.09.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Vivek Tomar**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**Krishna**
**Vs.**
**Risal Singh Through LRS**
CIS-APP/1/2020
CNR No. HRJRA0-000015-2020
Next Date : 19.11.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**SOMBIR S/O PARTAP, SANJAY S/O NAWAL SINGH, VIRENDER S/O NAWAL SINGH, HOSHIYARI, SANEHERI, CHOTTI ALL D/O NAWAL SINGH ALL R/O VILLAGE LOWA KHURD, DISKSHA D/O MAHIPAL,, ANITA WD/O MAHIPAL, SITENDER S/O UJALA ALL R/O LOWA KHURD, PARKASH, KAPTAN, PHOOL SINGH, SANJAY Ss/o SHANTI D/O RANJEET Rs/o VILLAGE ROHAD BAHADURGARH., SUNITA D/O KAPTAN SINGH, RENU D/O KAPTAN SINGH, VINOD S/O KAPTAN, VIKAS S/O KAPTAN SINGH, ASHOK S/O MANGE RAM,, CHANDAN SINGH S/O DHARAM SINGH ALL Rs/O VILLAGE LOWA KHURD BAHADURGARH.**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **19.11.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Bahadurgarh
Dated, this day of 14.10.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Vivek Tomar**
City Civil Court
**Canara Bank thorugh Vishal Bharadwaj**
**Vs.**
**Prahlad Mitran**
CIS-RS-13/2022
CNR No. HRJRA0-000071-2022
Next Date : 03.01.2026
PLAINTIFF-CANARA BANK KATH MANDI BAHADURGARH
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Prahlad Mitran**
**Father:-K.K.S.Mitran**
**Solo prop. m/s livestock R/o Khewat no. 432/332, vpo Kanonda, Teh. Bgarh also at H. No. 1435, Sec 6, Bgarh**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **03.01.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Bahadurgarh
Dated, this day of 14.10.2025

## धीमी ओवर गति के लिए टीम इंडिया पर लगा जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। रविवार को विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को तीन विकेट से हराया। भारत को अब रविवार को इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले में उतरना है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की मिशेल पेरेरा ने यह जुर्माना लगाया क्योंकि भारत ने निर्धारित समय में एक ओवर कम किया था। इस कारण उसके खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'

## बारिश के कारण मैच रद्द होने से इंग्लैंड और पाकिस्तान ने अंक बांटे

महिला वनडे विश्व कप

**कोलंबो(भाषा)।** पाकिस्तान के पास इंग्लैंड पर पहली जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण उसे आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में बुधवार को चार बार की चैम्पियन टीम के साथ अंक बांटने पड़े। कप्तान फातिमा सना के चार विकेट की मदद से पाकिस्तान ने पिच से मिल रही उछाल और मूवमेंट का फायदा उठाते हुए इंग्लैंड को बारिश के कारण प्रति टीम 31 ओवर के मैच में नौ विकेट पर 133 रन पर रोक दिया था। जवाब में डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पाकिस्तान को 113 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (नौ) और ओमाइमा सोहेल (19) ने अच्छी शुरूआत करते हुए 6.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 34 रन बना लिये थे। बारिश रूकती नहीं देखकर मैच आखिर में रद्द कर दिया गया जिससे पाकिस्तान की सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने की उम्मीदों पर भी लगभग पानी फिर गया। पाकिस्तान टूर्नामेंट में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सका है। और तीन हार के बाद तालिका में सबसे नीचे है। उसके पास एकमात्र अंक है और अब उसे न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका से खेलना है। दूसरी ओर इंग्लैंड सात अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। आस्ट्रेलिया के भी सात अंक है लेकिन उसका रनरेट प्लस 1.35 है जबकि इंग्लैंड का प्लस 1.86 है। यह टूर्नामेंट का तीसरा मैच था जो बारिश के कारण रद्द हुआ है। इससे पहले श्रीलंका और आस्ट्रेलिया और श्रीलंका और न्यूजीलैंड का मैच भी बारिश में धुला था।

## स्टॉपेज टाइम में लिंडा के गोल से मणिपुर ने राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती

**नारायणपुर (भाषा)।** स्टॉपेज टाइम में लिंडा कोम सर्तो के गोल की मदद से मणिपुर ने बंगाल को 1 . 0 से हराकर सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप जीत ली है। लिंडा ने 93वें मिनट में गोल दागकर मणिपुर को 23वीं बार खिताब दिलाया। बंगाल के खिलाड़ियों ने कई मौके बनाये लेकिन गोल में नहीं बदल सके।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## महिला वनडे विश्व कप : बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया में मुकाबला आज

**विशाखापत्तनम।** अब तक प्रत्येक मैच में दबदबा बनाए रखने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके महिला वनडे विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया चार मैचों में तीन जीत और कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द किए गए मैच में अंक बांटने के बाद सात अंक लेकर विश्व कप तालिका में शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैच में भारत के खिलाफ पिछले मैच में जीत हासिल करने के बाद उतरेगी।

**उत्तर रेलवे**

**संशोधन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्य प्रबंधक/एफएस, उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल द्वारा IREPS वेबसाइट पर ई–टेंडर (वर्क्स) के माध्यम से कार्य "गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल के विकास एवं प्रबंधन" (GCT नीति के अंतर्गत), मलौट रेलवे स्टेशन के निकट–आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर – हेतु संशोधन जारी किया गया है।

| क्र.सं. | सूचना | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना एवं तिथि | UMB-GCT-SCII-MOT-01-25/23.09.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | GCT नीति के अंतर्गत मालौत रेलवे स्टेशन के निकट – आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर–गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गों टर्मिनल का विकास एवं प्रबंधन। |
| 3 | संशोधन संख्या | 1 |
| 4 | निविदा की आखिरी तिथि एवं समय (पूर्व) | 24.10.2025, 15:00 बजे तक |
| 5 | निविदा की आखिरी तिथि एवं समय (नई) | 14.11.2025, 15:00 बजे तक |
| 6 | बोली प्रारंभ तिथि (पूर्व) | 10.10.2025 |
| 7 | बोली प्रारंभ तिथि (नई) | 31.10.2025 |

जारी किए गए इस संशोधन से संबंधित अन्य जानकारी हेतु इच्छुक निवेदक www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जा सकते हैं।
3189/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता–पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6020




**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 6019 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ह | म | क | | जा | य | दा | द | |
| ल | | क | म | र | | न | म | न | | अ |
| व | स | | ता | त | | का | ज | | हा | र |
| कु | ली | न | | ल | ह | र | | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | | म | | आ | स | मा | न |
| | | | सा | फ | स | फा | ई | | | |
| अ | च | र | ज | | फ | | ना | ला | य | क |
| व | म | न | | ह | र | म | | ल | की | र |
| ता | न | | स | जा | | हा | र | | न | त |
| र | | क | र | म | | व | ज | न | | ब |
| | ग | फ | ल | त | | त | क | दी | र | |






# एनडीए ने आधे प्रत्याशियों का कर दिया ऐलान, महागठबंधन अब भी पसोपेश में

### भाजपा ने 12 उम्मीदवारों की दूसरी सूची घोषित की

## लोक गायिका मैथिली को अलीपुर, पूर्व आईपीएस आनंद को बक्सर, छपरा से छोटी कुमारी को बनाया उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इस सूची में 12 कैंडिडेट के नाम हैं। मशहूर लोक गायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर से टिकट मिला है। बक्सर सीट से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। पहली कैंडिडेट लिस्ट में भाजपा ने 71 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किए थे।

**भाजपा ने अब तक 83 नामों की घोषणा की**

एनडीए के अंदर 101 सीटों पर लड़ रही भाजपा ने अब तक 83 सीटों पर कैंडिडेट के नाम घोषित कर दिए हैं।चर्चित लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने एक दिन पहले ही पटना में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली थी। पहले उनके मधुबनी जिले की बेनीपट्टी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा थी। फिर भाजपा की पहली कैंडिडेट लिस्ट में बेनीपट्टी से मौजूदा विधायक विनोद नारायण झा को ही टिकट दिया गया। उसके बाद से मैथिली के अलीनगर से चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा चलने लगी।

### मुजफ्फरपुर से रंजन कुमार को टिकट



इस सूची में अलीपुर विधानसभा सीट से लोक गायिका मैथिली ठाकुर का नाम है।मैथिली के अलावा हायाघाट से रामचंद्र प्रसाद, मुजफ्फरपुर से रंजन कुमार, गोपालगंज से सुभाष सिंह, बनियापुर से केदारनाथ सिंह, छपरा से छोटी कुमारी, सोनपुर से विनय कुमार सिंह, रोसड़ से वीरेंद्र कुमार, बाढ़ से सियाराम सिंह, अगिआंव से महेश पासवान, शाहपुर से राकेश ओझा और बक्सर से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा के नाम का ऐलान किया गया है।

### जदयू ने 57 प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान

## पहली सूची में 4 महिलाएं और 23 मौजूदा विधायक शामिल

विधानसभा चुनाव के लिए जनता दल यूनाइटेड ने 57 उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची जारी कर दी है। जदयू की पहली लिस्ट में हनौत से हरियाणा सिंह, नालंदा से श्रवण कुमार, मोकामा से अनंत सिंह, फुलवारी से श्याम रजक, हथुआ से रामसेवक सिंह, बेनीपुर से विनय कुमार चौधरी, हिलसा से प्रेम मुखिया, राजगीर से कौशल किशोर, विभूतिपुर से रवीना कुशवाहा के नाम का ऐलान किया गया। इस लिस्ट में जदयू ने आलमनगर विधानसभा सीट से नरेंद्र नारायण यादव, बिहारीगंज से निरंजन निरंजन कुमार मेहता, सिंहश्वर से रमेश ऋषि देव, मधेपुरा से कविता साहा, सोनबरसा से रत्नेश सादा, महिषी से गुंजेश्वर शाह, बेनीपुर से विनय कुमार चौधरी, दरभंगा ग्रामीण से ईश्वर मंडल, बहादुरपुर से मदन सहनी के नाम घोषित किए हैं। नीतीश कुमार की इस लिस्ट में 23 मौजूदा विधायकों के नाम हैं। सुची में

**इनका टिकट कटा**

वारिसनगर सीट से अशोक कुमार, बेनीपुर से बिनय कुमार चौधरी, मधेपुरा से निखिल मंडल और मीनापुर से मनोज कुमार के टिकट काट दिए गए हैं। संदेश और जगदीशपुर विधानसभा सीट से भी नए चेहरों को मौका दिया गया है।

### चिराग की 5 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर नीतीश ने बिगाड़ा 'गणित'



सीएम नीतीश कुमार ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर एनडीए के सीट शेयरिंग के समझौते का फॉर्मूला बिगाड़ दिया है। एनडीए के सीट शेयरिंग के बाद से उपेंद्र कुशवाहा, जीतनराम मांझी नाराज हैं और अब नीतीश कुमार ने जिस तरह चिराग पासवान को मिली पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, उससे लग रहा है कि एनडीए में सब कुछ ठीक नहीं है।

**शाह ने कुशवाहा को मनाया**

### महुआ सीट से दावा छोड़ा, एक एमएलसी के ऑफर की चर्चा



भाजपा ने आरएमएल चीफ उपेंद्र कुशवाहा को मना लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कुशवाहा ने महुआ सीट पर अपना दावा छोड़ दिया है। इसके बदले में रालोमो को दूसरी सीट दी जाएगी।

### सीट बंटवारे से पहले ही तेजस्वी ने किया नामांकन

## लालू-राबड़ी के साथ पहुंचे हाजीपुर, राघोपुर से दाखिल किया परचा, कांग्रेस अभी कर रही प्रत्याशियों की बात

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने हाई-प्रोफाइल सीट राघोपुर से नामांकन दाखिल कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष बुधवार को हाजीपुर विधानसभा सीट से राजद प्रत्याशी देव कुमार चौरसिया के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए हाजीपुर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। उनके साथ एक दर्जन से अधिक गाड़ियों का काफिला था। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ उनके पिता लालू प्रसाद यादव, मां राबड़ी देवी, बहन मीसा भारती, वरिष्ठ नेता संजय यादव सहित कई अन्य राजद नेता मौजूद थे।

### महुआ से तेज प्रताप के सामने राजद ने मुकेश को खड़ा किया



वैशाली जिले से तेजस्वी यादव के अलावा राजद ने दो और प्रत्याशियों को टिकट दिया है। इनमें लालू परिवार के करीबी और महुआ विधायक मुकेश रोशन शामिल हैं, जो महुआ अनुमंडल कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। इस सीट से तेजस्वी यादव के बड़े भाई तेज प्रताप यादव वर्तमान में विधायक हैं।

**महागठबंधन में सीट बंटवारा अब तक नहीं**

महागठबंधन की ओर से अभी तक राघोपुर सीट को लेकर कोई संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की गई है, न ही उम्मीदवार के नाम की घोषणा हुई है। तेजस्वी महागठबंधन के समन्वय समिति के अध्यक्ष भी हैं। अब तक सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय नहीं हुआ है।

**महागठबंधन में टेंशन!**

### बगहा सीट पर वीआईपी की एंट्री कांग्रेस में हलचल तेज



चुनाव को लेकर सभी की नजरें बगहा, वाल्मीकिनगर और रामनगर सीट पर टिकी हैं। इनमें बगहा सीट को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। चर्चा है कि इस बार बगहा सीट आइएनडीए के सहयोगी दल विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के खाते में जा सकती है। बगहा सीट पर 33 वर्षों तक कांग्रेस का प्रभाव रहा है। अब जब यह सीट वीआईपी के खाते में जाती दिख रही है तो कांग्रेस के भीतर असंतोष उभरने लगा है। इस स्थिति ने महागठबंधन के भीतर समन्वय और सीट बंटवारे को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### नहीं लड़ूंगा चुनाव, जनसुराज जीती तो 100 सबसे भ्रष्ट नेताओं- नौकरशाहों पर होगा एक्शनः पीके



जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने एलान किया कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। पीके ने कहा कि अगर जन सुराज पार्टी बिहार चुनाव जीतती है, तो इसका राष्ट्रव्यापी असर होगा। राष्ट्रीय राजनीति की दिशा बदल जाएगी। 100 बड़े भ्रष्टों पर कार्रवाई की जाएगी।

### राजभर की भाजपा को चुनौती, 47 सीटों पर उतारे प्रत्याशी



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने अपने 47 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। बिहार चुनाव में सुभसपा का प्रत्याशी उतारना मतलब भाजपा के चुनौती देने के रूप में देखा जा रहा है। राजभर का यूपी में बीजेपी के साथ गठबंधन है और वह एनडीए का भी हिस्सा हैं। इससे यहां पर चुनाव का गणित बिगड़ सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### जैसलमेर बस हादसे में पहली एफआईआर

**जैसलमेर।** जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर स्लीपर एसी बस में



भीषण आग की घटना के 24 घंटे बाद पहली एफआईआर दर्ज की गई है। जिंदा जले पत्रकार राजेंद्र सिंह चौहान के बड़े भाई चंदन सिंह ने बस के मालिक और चालक पर आरोप लगाते हुए जैसलमेर सदर थाना में मामला दर्ज कराया है।

### आज से भारत के तीन दिवसीय दौरे पर श्रीलंका की पीएम डॉ.अमरसूर्या

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** अमेरिकी



टैरिफ संकट और वैश्विक संघर्षों के मध्य श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या गुरुवार से भारत की तीन दिवसीय (16 से 18 अक्टूबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

### सुक्खू ने 3% महंगाई भत्ता का किया ऐलान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को सुक्खू सरकार ने दिवाली का तोहफा दिया है। मसीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के राज्य महासम्मेलन में कर्मचारियों को लंबित 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने का एलान किया।

### भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण पर दो दिवसीय सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत सरकार भगोड़े अपराधियों को देश में वापस लाने और उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के प्रयासों को तेज करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इसी क्रम में केंद्रीय गृह एवं



सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में 'भगोड़े अपराधियों का प्रत्यर्पण – चुनौतियाँ और रणनीतियाँ' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।

---

### पीएम मोदी ने नमो एप से बिहार भाजपा कार्यकर्ताओं से किया संवाद

## इस बार बिहार में डबल दिवाली आने वाली है, एनडीए की फिर सरकार बनने वाली है

पीएम मोदी 'एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार फिर से बनेगी सुशासन की सरकार' का नारा भी दिया। चुनाव की तैयारी में जुटे बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से नमो ऐप के जरिए संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर बूथ को मजबूत बनाना जरूरी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली / पटना

पीएम मोदी ने बिहार में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया है। चुनावों की घोषणा के बाद पीएम मोदी ने पहली बार बिहार चुनाव पर बात की है। पीएम मोदी ने नमो ऐप के जरिए बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बिहार के हर घर से एक ही आवाज सुनाई दे रही है- एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार! फिर बनेगी सुशासन की सरकार! एक बार फिर सुशासन की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को बिहार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से हर घर तक पहुंचकर केंद्र और नीतीश कुमार सरकार की योजनाओं की जानकारी देने की अपील की। पीएम मोदी 'एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार फिर से बनेगी सुशासन की सरकार' का नारा भी दिया। बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से नमो ऐप के जरिए संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर बूथ को मजबूत बनाना जरूरी है।

**बिहार के लोगों को भोजपुरी में दी शुभकामनाएं**

**'एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार फिर से बनेगी सुशासन की सरकार'**



मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने दिया अपना संबोधन

### ये भी कहा-बूंद-बूंद से भरता है घड़ा

पीएम मोदी ने मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत बिहार के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ, सबसे मजबूत-ये सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, ये जमीनी स्तर पर भाजपा की सफलता की सबसे मजबूत कड़ी है। जैसे पुरानी कहावत है- बूंद-बूंद से घड़ा भरता है। वैसे ही जब हर बूथ सबसे मजबूत होता है, तभी पार्टी को सफलता मिलती है। इसलिए ये देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा कि बिहार भाजपा का हर कार्यकर्ता 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है।

### हर परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ और जानकारी पहुंचाएं

उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने क्षेत्र की हर परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ और जानकारी पहुंचाएं। पीएम ने भोजपुरी में कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि पार्टी तब जीतती है, जब हर बूथ मजबूत होता है। पीएं ने कहा कि 'हर बूथ कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में मोदी है' और वे मतदाताओं को उनकी ओर से सरकारी योजनाओं की गारंटी दें।

**महिला रोजगार पर जताई खुशी**

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे ये जानकर बहुत अच्छा लगा कि बिहार की एनडीए सरकार ने हाल में जो महिला रोजगार योजना शुरू की है, उससे बहनें बहुत खुश हैं। बिहार के एक करोड़ 20 लाख बहनों के खाते में हरेक बहन को 10 हजार रुपए भेजे जा चुके हैं। इसके साथ ही युवाओं के लिए बनाई गई योजनाओं का भी उल्लेख किया और कहा कि यहां पर भी बेरोजगारी दूर करने के विशेष उपाय और विकास किए जा रहे हैं।

### *लोकतंत्र के महाउत्सव की शुरुआत भी हो चुकी डबल दिवाली मनाएं*

पीएम मोदी ने कहा कि आजकल दीपावली, छठ पूजा और अन्य उत्सवों की तैयारियां जोरों पर है। बिहार में लोकतंत्र के महाउत्सव की शुरुआत भी हो चुकी है। आप भी दिनभर चुनाव से जुड़े कार्यक्रमों में व्यस्त रहते हैं। आप सभी के परिश्रम को भाजपा का हर कार्यकर्ता बहुत ही गौरव के साथ देखता है। आप सभी को मैं बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि इस बार बिहार में डबल दिवाली आने वाली है। एक तो नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी के कारण लोगों ने दिवाली मनाई। अब 20 अक्टूबर को दिवाली है, वो हम मनाने जा रहे हैं। लेकिन इस बार का बिहार का मिजाज, 14 नवंबर को एनडीए की विजय वाली दिवाली भी मनानी है। इसमें हर बार की तरह बिहार की बहन-बेटियों की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी।

### कांग्रेस और आरजेडी पर साधा निशाना, एनडीए ने दी ज्यादा राशि

पीएम मोदी ने कहा कि 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस और आरजेडी की सरकार थी। तब बिहार को 10 साल में सिर्फ 2 लाख करोड़ रुपए मिले थे। लेकिन जब आपने मुझे मौका दिया, तो हमने 2014 से 2024, इन 10 साल में 9 लाख करोड़ रुपए बिहार के लिए दिए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज बिहार की स्थिति बदली है और बहुत मेहनत करके बदली है। आज हम नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की स्थिति में आ गए हैं।

---

### चुनाव में धनबल पर ईसी सख्त

## खर्च पर पैनी नजर, 3 दिन में 33.97 करोड़ रुपए जब्त



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव और सात राज्यों की आठ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग सख्त है। चुनाव के दौरान पैसों के दुरुपयोग और मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयासों पर रोक लगाने निर्वाचन आयोग ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में व्यय पर्यवेक्षकों की तैनाती की है। जो उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर पैनी नजर रखेंगे। चुनावों में धनबल, मुफ्तखोरी के साथ नशीली दवाओं, नशीले पदार्थों और शराब के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने आयोग ने दो चरणों में होने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि उचुनावी खर्च की निगरानी के लिए व्यय पर्यवेक्षकों को पहले ही तैनात कर दिया गया है।

**सभी एजेंसियों को मिले विशेष निर्देश**

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और आठ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के मद्देनजर कई एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। इनमें राज्य पुलिस, आबकारी विभाग, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सीमा सुरक्षा बल, रेलवे सुरक्षा बल, सीआईएसएफ, डीआरआई, जीएसटी, कस्टम्स, आरबीआई और कई अन्य विभाग शामिल हैं।आयोग ने सभी एजेंसियों को साफ किया है कि चुनाव के दौरान धनबल, शराब या उपहारों के जरिये मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश पर तुरंत कार्रवाई की जाए। प्रचार में एआई या किसी अन्य तकनीक से बनी सिंथेटिक सामग्री का उपयोग किया जाता है, तो उसकी स्पष्ट जानकारी और टैगिंग जरूरी होगी।

### ऑनलाइन सिस्टम से होगी निगरानी

आयोग ने इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम नामक ऑनलाइन सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया है। इसके जरिए जब्ती और जांच की हर जानकारी रीयल-टाइम में दर्ज की जाएगी। इससे चुनाव अवधि में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी। चुनाव आयोग ने जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या धन के वितरण की सूचना सी-विजिल ऐप के माध्यम से दें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि जांच के दौरान आम नागरिकों को किसी तरह की असुविधा या परेशानी नहीं होनी चाहिए।

---

### बंगाल में फिर दुराचार का मामला

## इंजीनियरिंग की छात्रा को नशीला ड्रिंक पिला दुराचार

एजेंसी ▶▶ आनंदपुर

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ



गैंग रेप का मामला अभी थमा भी नहीं कि कोलकाता के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने क्लासमेट युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी शहर के दक्षिणी हिस्से के आनंदपुर इलाके से की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि नशीले पेय पदार्थ पीने के बाद वह बेहोश हो गई और बाद में उसकी बेहोशी का फायदा उठाकर आरोपी छात्र ने उसके साथ दुराचार किया। इस मामले में पुलिस ने इंजीनियरिंग छात्रा के गृह राज्य का खुलासा नहीं किया है।छात्रा आनंदपुर में एक किराए के फ्लैट में रह रही थी।

---

*शीर्ष अदालत ने यह नोटिस आईसीयू और सीसीयू सुविधाओं में रोगी सुरक्षा के लिए समान मानक तैयार करने के अपने निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर जारी किया, इनमें दिल्ली और मप्र भी शामिल*

## सुप्रीम कोर्ट ने 28 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों को किया तलब

अधिकारियों को 20 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को अवमानना नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने यह नोटिस आईसीयू और सीसीयू सुविधाओं में रोगी सुरक्षा के लिए समान मानक तैयार करने के अपने निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एनके सिंह की खंडपीठ ने यह कारण बताओ नोटिस जारी किया है। खंडपीठ ने प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के संबंधित अतिरिक्त मुख्य सचिवों या टॉप स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ हलफनामों के साथ 20 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया।



**अब कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी**

पीठ ने कहा कि न्यायालय के प्रति इस तरह के लापरवाह रवैए के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए? उक्त अधिकारी अगली सुनवाई की तारीख, यानी 20.11.2025 को अपने व्यक्तिगत रूप से पुष्ट कारण बताओ हलफनामो के साथ इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें। किसी भी बहानेबाजी पर विचार नहीं किया जाएगा। न्यायाधीशों ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि जिन अधिकारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है, वे कोई बहाना नहीं देंगे।

**इस मामले की शुरुआत 2016 में हुई**

कोर्ट एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रहा था जिसकी शुरुआत 2016 में हुई थी। मूल शिकायत प्राइवेट अस्पतालों में कथित चिकित्सा लापरवाही और आईसीयू व सीसीयू के लिए एक समान मानकों के अभाव से संबंधित थी। हालांकि, अपील 2024 में खारिज कर दी गई थी।

### इन राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को सुप्रीम कोर्ट ने किया तलब

डिफॉल्ट राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सूची में अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, और दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव शामिल हैं।

## चिंतन

# अफगानिस्तान पर बार-बार हमले क्यों कर रहा पाक

अफगानी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के भारत दौरे से पाकिस्तान पूरी तरह से बौखलाया हुआ है। झल्लाहट के हालात ये हैं कि उसने एक सप्ताह में लगातार दूसरी बार अफगानिस्तान पर हवाई हमला कर दिया है। हालांकि पाकिस्तान कह रहा है कि वो तालिबान के लड़ाकों पर हमले कर रहा है, जो लगातार पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। बुधवार को पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के तैमानी और स्पिन बोल्डक जिले के सिविलियन इलाके पर बमबारी की है। हमले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि इन हमलों में कंधार प्रांत में तालिबान की चौथी बटालियन और छठी बॉर्डर ब्रिगेड पूरी तरह तबाह हो गई है। कई तालिबान लड़ाके और विदेशी लोग मारे गए। इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। इसके बाद आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने पाकिस्तान बॉर्डर पर टैंक भेज दिए हैं, जिसके चलते नए युद्ध की आशंका पैदा हो गई है। जिस तालिबान को निशाना बनाकर पाक सेना हमले कर रही है, असल में वो तालिबान 1990 के दशक में एक छोटा समूह था, जो धार्मिक छात्रों से बना था, तालिबान के नाम का अर्थ ही होता है छात्रों का समूह। साल 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान पर फिर कब्जा कर लिया था और तब से ही तालिबान एक राष्ट्रीय सेना बनाने की कोशिश कर रहा है। पहले उनकी ताकत सिर्फ लड़ाकों की थी, लेकिन अब वे एक संगठित फौज की तरह काम करते हैं। भले ही इस देश की सेना में सैनिकों की संख्या कम है लेकिन उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठित रहना ही उसे अफगानिस्तान में मजबूत बनाती है। वैश्विक दबाव के कारण भले ही तालिबान की सेना आर्थिक रूप से कमजोर है, लेकिन ग्लोबल पावर इंडेक्स 2025 बताता है कि उनकी रैंकिंग कम है, लेकिन स्थानीय युद्ध में वे खतरनाक हैं। ये वही सेना है जिसने अमेरिका जैसी महाशक्ति को अफगानिस्तान में पांव नहीं जमाने दिए। अब तो उनके समर्थन में अफगानिस्तान में टीटीपी के दो गुटों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक होने की घोषणा कर दी है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने घोषणा की है कि इसके दो समूह एक हो रहे हैं। इनमें से एक का नेतृत्व कुर्रम जिले के मुफ्ती अब्दुर रहमान कर रहे हैं, और दूसरा खैबर जिले की तिराह घाटी के कमांडर शेर खान हैं। इन दोनों कमांडरों ने टीटीपी की तरफ वफादारी की कसम खाई है। जो पाकिस्तान के लिए बड़ा सिर दर्द बन सकते हैं। असल में अफगान विदेश मंत्री के भारत दौरे के बाद से ही पाक बौखलाया हुआ है। उसे लग रहा है कि भारत-अफगानिस्तान की दोस्ती पाकिस्तान के लिए परेशानी का कारण हो सकती है। अफगान विदेश मंत्री के इस बयान कि वो अपने देश की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होने देंगे। इस बयान के बाद पाक की हड़बड़ाहट का आलम ये था कि पाक पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि अफगानिस्तान, भारत का पुराना वफादार है। बस इसी के बाद से पाक अफगानिस्तान में हमले कर रहा है। देर शाम दोनों देशों के युद्ध विराम के ऐलान के बाद दुनिया ने राहत की सांस ली है। उम्मीद है कि ये युद्ध विराम स्थायी हो।



विश्व खाद्य दिवस
अरविंद जयतिलक

संयुक्त राष्ट्र की 2024 की रिपोर्ट पर गौर करें तो विश्व में हर साल लगभग 1.05 अरब टन खाना बर्बाद होता है जोकि कुल खाद्य उत्पादन का 19 प्रतिशत है। इसका मतलब यह हुआ कि दुनिया भर में हर दिन लगभग एक अरब से ज्यादा थालियां बर्बाद हो जाती हैं। खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का है जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.7 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। उचित होगा कि विश्व के अग्रणी देश दुनिया भर में भूख और कुपोषण से बेहाल लोगों की सुध लें। करोड़ों टन जो भोजन बर्बाद हो रहा है उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# भोजन की बर्बादी बनाम भूख से बेहाल जिंदगी

आज विश्व खाद्य दिवस है। विश्व खाद्य दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भूख और कुपोषण को खत्म करने के लिए वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, सभी के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भोजन सुनिश्चित करना और स्थायी खाद्य प्रणालियों को बढ़ावा देना है। लेकिन विडंबना है कि इस सार्थक उद्देश्य और पहल के बावजूद हर वर्ष करोड़ों टन भोजन बर्बाद हो रहा है। वहीं दूसरी ओर दुनिया में हर दिन करोड़ों लोग दाने-दाने के लिए मोहताज हो रहे हैं। विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (एसओएफआई) रिपोर्ट-2025 से उद्घाटित हुआ है कि वर्ष 2024 में 63.8 करोड़ से 72 करोड़ लोग जो वैश्विक जनसंख्या का क्रमशः 7.8 और 8.8 प्रतिशत है, भूख का सामना करेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में बढ़ी हुई मुद्रास्फिति ने क्रय शक्ति को कमजोर कर दिया है जिसके कारण 2030 तक भूख और खाद्य असुरक्षा के उन्मूलन यानि एसडीजी लक्ष्य 2.1 बहुत दूर हो गया है। संयुक्त राष्ट्र की 2024 की ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 36 देशों में भूख का स्तर बेहद गंभीर है।

संयुक्त राष्ट्र की 2024 की रिपोर्ट पर गौर करें तो विश्व में हर साल लगभग 1.05 अरब टन खाना बर्बाद होता है जोकि कुल खाद्य उत्पादन का 19 प्रतिशत है। इसका मतलब यह हुआ कि दुनिया भर में हर दिन लगभग एक अरब से ज्यादा थालियां बर्बाद हो जाती हैं। खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का है जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.7 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। खाने की यह बर्बादी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनिया भर के करोड़ों लोग भुखमरी के शिकार हैं वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है। याद होगा कि गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 फीसदी भाग जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है। देश में हर साल उतना भोजन बर्बाद होता है जितना ब्रिटेन उपभोग करता है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख मिट्रिक टन था। इसके बावजूद यह अन्न लोगों की भूख नहीं मिटा पा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह उत्पादित देश की आबादी के लिए कम है। लेकिन अन्न की बर्बादी के कारण करोड़ों लोगों को भूखे पेट रहना पड़ रहा है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना हजारों बच्चों की जान जाती है। वैश्विक भूख सूचकांक-2024 के मुताबिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत दुनिया के 127 देशों में 105वें स्थान पर रहा। भारत को इस सूचकांक में गंभीर श्रेणी में रखा गया है। भारत का स्कोर 27.3 है जो गत साल से थोड़ा बेहतर है। यहां ध्यान देना होगा कि बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है। इसके अलावा बर्बाद हो रहे भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है। बर्बाद हो रहे भोजन से जलवायु



प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है। उसी का नतीजा है कि खाद्यान्नों में प्रोटीन और आयरन की मात्रा लगातार कम हो रही है। खाद्य वैज्ञानिकों का कहना है कि कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन की अधिकता से भोजन से पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण चावल, गेहूं, जौ जैसे प्रमुख खाद्यान में प्रोटीन की कमी होने लगी है। चावल में 7.6 प्रतिशत, जौ में 14.1 प्रतिशत, गेहूं में 7.8 प्रतिशत और आलू में 6.4 प्रतिशत प्रोटीन की कमी दर्ज की गई है। अगर कार्बन उत्सर्जन की यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर में 15 करोड़ लोग इस नई वजह के चलते प्रोटीन की कमी का शिकार हो जाएंगे। यह दावा हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक भारतीयों के प्रमुख खुराक से 5.3 प्रतिशत प्रोटीन गायब हो जाएगा। इस कारण 5.3 करोड़ भारतीय प्रोटीन की कमी से जूझेंगे। गौरतलब है कि प्रोटीन की कमी होने पर शरीर की कोशिकाएं उतकों से उर्जा प्रदान करने लगती हैं। चूंकि कोशिकाओं में प्रोटीन भी नहीं बनता है लिहाजा इससे उतक नष्ट होने लगते हैं। इसके परिणामस्वरूप व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है और उसका शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। अगर भोज्य पदार्थों में प्रोटीन की मात्रा में कमी आई तो भारत के अलावा उप सहारा अफ्रीका के देशों के लिए भी यह स्थिति भयावह होगी। इसलिए और भी कि यहां लोग पहले से ही प्रोटीन की कमी और कुपोषण से जूझ रहे हैं। बढ़ते कार्बन डाई आक्साइड के प्रभाव से सिर्फ प्रोटीन ही नहीं, आयरन कमी की समस्या भी बढ़ेगी। दक्षिण एशिया एवं उत्तर अफ्रीका समेत दुनिया भर में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.4 करोड़ बच्चों और 1.06 महिलाओं के इस खतरे से ग्रस्त होने की संभावनाएं हैं। इसके कारण उनके भोजन में 3.8 प्रतिशत आयरन कम हो जाएगा। फिर एनीमिया से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। प्रोटीन की कमी से कई तरह की बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है। गत वर्ष इफको की रिपोर्ट में कहा गया कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। हालांकि यूनाइटेड नेशन के फूड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के कारण अब भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या में तेजी से कमी हुई है जिससे कुपोषण का संकट घटा है। यहां ध्यान देना होगा कि दुनिया भर में सालाना जितना अन्न की वैश्विक बर्बादी हो रही है उसकी कीमत तकरीबन 1000 अरब डॉलर है। अन्न की बर्बादी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यदि कुल बर्बाद भोजन को 20 घनमीटर आयतन वाले किसी कंटेनर में एक के बाद एक करके रखें और ऊंचाई में बढ़ाते जाएं तो 1.6 अरब टन भोजन से चांद तक जाकर आया जा सकता है। आंकड़ों के मुताबिक विकसित देशों में अन्न की बर्बादी के कारण 680 अरब डॉलर और विकासशील देशों में 310 अबर डॉलर का नुकसान हो रहा है। ध्यान देने वाली बात यह कि अमीर देश भोजन के सदुपयोग के मामले में सबसे ज्यादा संवेदनहीन और लापरवाह हैं। इन देशों में सालाना 22 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। जबकि उप सहारा अफ्रीका में सालाना कुल 23 करोड़ टन अनाज पैदा किया जाता है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की ही बात करें तो यहां जितना अन्न खाया जाता है, उससे कहीं अधिक बर्बाद होता है। केवल खुदरा कारोबारियों और उपभोक्ताओं के स्तर पर अमेरिका में हर साल 6 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। उचित होगा कि विश्व समाज के अग्रणी देश दुनिया भर में भूख और कुपोषण से बेहाल लोगों की सुध लें। करोड़ों टन जो भोजन बर्बाद हो रहा है उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने की महती व्यवस्था सुनिश्चित करें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## संघ शताब्दी वर्ष

डा. मार्कन्डेय आहूजा



# ऐसी अक्षय ध्येयनिष्ठा को ईश्वर भी अनदेखा नहीं कर सकता

तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा" वाक्य में दार्शनिक, आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक एवं साधनात्मक गहराई है, और जब इसे भगवद् गीता के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो यह योग, ध्यान, और आत्मनिष्ठा के सार को प्रकट करता है। तद्-अन्तः - उस (ईश्वर, सत्य या ब्रह्म) के भीतर; स्फुरत् - चमकने वाला, प्रकाशित अक्षया - अविनाशी, क्षय-रहित ध्येयनिष्ठा - ध्यान का दृढ़ आधार, एकनिष्ठ ध्यान। भगवद् गीता में यह भाव विशेष रूप से कई श्लोकों से जुड़ता है जैसे तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च।"अध्याय 8, श्लोक 7) "इसलिए, हे अर्जुन! हर समय मेरा स्मरण करते हुए युद्ध कर।" यहाँ भगवान श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि जीवन का हर कर्म ईश्वरनिष्ठ ध्यान में परिवर्तित हो सकता है, यदि मन के भीतर वह अक्षय ध्येय अर्थात् ईश्वर निरंतर स्फुरित रहे। जब मन संसार के नाशवान विषयों में उलझता है, तब उसकी शक्ति क्षीण होती है पर जब ध्यान का केंद्र अक्षय तत्व आत्मा या परमात्मा बनता है, तब वह शक्ति स्फुरित हो उठती है। इस अवस्था में व्यक्ति ध्येयनिष्ठ कहलाता है यानि जिसका ध्यान अडिग और अचल है। कुरुक्षेत्र में अर्जुन जब मोह में था, तब उसका ध्यान नाशवान रिश्तों और परिणामों पर था। पर जब कृष्ण ने उसे गीता का उपदेश दिया ,"मांनुस्मर युध्य च" तब उसके भीतर वही 'तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा' जागी। उसने कृष्ण में ही सब कुछ देखना शुरू किया, तब युद्ध भी साधना बन गया। अब वह भीतर से प्रकाशित हो चुका था, जैसे सूर्य बादलों को चीरकर स्वयं प्रकट होता है। मीरा बाई का जीवन इसका जीवंत उदाहरण है। जब समस्त संसार ने उन्हें ठुकराया, तो उनके भीतर केवल एक ही स्फुरण शेष था "श्याम मेरा एको ध्येय।" उनकी ध्येयनिष्ठा इतनी अक्षय थी कि विष का प्याला भी अमृत बन गया। यह वही अवस्था है जहां भीतर अविनाशी चेतना का प्रकाश हर पीड़ा से तुच्छ है जैसे कोई वैज्ञानिक वर्षों तक एक सिद्धांत पर ध्यान लगाता है, वह बाहरी सफलता या असफलता से नहीं डगमगाता क्योंकि उसके भीतर ध्येय की अक्षय ज्योति जलती रहती है। जब वह ज्योति स्फुरित रहती है, तो बाहरी बाधाएं अर्थहीन हो जाती हैं। यह भी एक रूप है ध्येयनिष्ठा का। राजा जनक योगी भी थे और राजा भी। उनके महल में वैभव था, पर भीतर एकाग्रता अक्षय थी। जब किसी ने पूछा, "राजकाज में लिप्त होकर भी आप योगी कैसे हैं?" जनक ने कहा ,"मेरे कर्म बाहर हैं, पर मेरा ध्यान भीतर है। मैं कर्म नहीं करता, कर्म मुझमें होता है।" यही ध्येय-निष्ठा का अक्षय रूप है। आज भी यह सूत्र अत्यंत प्रासंगिक है। हम चाहे काम में हों, परिवार में हों, संघर्ष में हों -यदि भीतर एक स्थायी ज्योति, एक शांत ध्येय स्फुरित है, तो जीवन साधना बन जाता है। जैसे कोई डॉक्टर अपनी सेवा में ईश्वर को देखे। कोई शिक्षक हर छात्र में चेतना का विस्तार देखे। कोई कलाकार हर रचना में सत्य की झलक खोजे। तब वे कर्म नहीं करते, बल्कि "ध्येय की निष्ठा" में रहते हैं।उनका ध्यान अक्षय हो जाता है। "ध्येय में स्फुरण" के वैज्ञानिक रूप डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा "सपना वह नहीं जो तुम नींद में देखते हो,सपना वह है जो तुम्हें सोने नहीं देता।" कलाम का जीवन "तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा" का आधुनिक प्रतिरूप है।उनके भीतर विज्ञान और राष्ट्रसेवा का एक अविनाशी ध्येय स्फुरित था। कठिन परिस्थितियों, असफलताओं, सीमित साधनों के बावजूद उनका ध्यान 'भारत को आत्मनिर्भर बनाना' था। वे बार-बार असफल हुए, पर उनकी निष्ठा कभी क्षीण नहीं हुई ; वह अक्षय थी। गीता का समान भावः योगस्थः कुरु कर्माणि, संगं त्यक्त्वा धनंजय।" कर्म करो, पर सफलता-असफलता से आसक्त मत हो। कलाम का विज्ञान उसी कर्मयोग का उदाहरण है। वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग की देह लगभग निष्क्रिय हो गई थी, पर उनके भीतर ज्ञान का प्रकाश स्फुरित था। वह अक्षय था वह मनोबल ही उन्हें "ब्लैक होल्स " के रहस्य तक ले गया। उन्होंने कहा ,"मेरा शरीर सीमित है,लेकिन मेरा मन सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की कल्पना करने के लिए स्वतंत्र है।" यह वही अवस्था है जहाँ भीतर की चेतना बाहरी सीमाओं पर विजय पाती है। 'ध्येयनिष्ठ' वैज्ञानिक डॉ. होमी जे. भाभा और डॉ. विक्रम साराभाई भारत के वैज्ञानिक पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। सीमित संसाधन, विदेशी दबावों, और आलोचना के बावजूद उन्होंने भारत को अंतरिक्ष और परमाणु शक्ति के मार्ग पर स्थापित किया। उनका ध्येय केवल "तकनीक" नहीं था बल्कि "राष्ट्र की आत्मनिर्भर चेतना।" गीता में कहा है "यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।" जो मुझे हर जगह देखता है, उसका ध्यान कभी नष्ट नहीं होता। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का कहना है कि जब ध्यान न किया जाए, बल्कि ध्यान "होने लगे" वही है : तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा।

(लेखक चिकित्सक एवं शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं?



संकलित
दर्शन

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आत्मनिर्भर भारत के प्रथम द्रष्टा डा. कलाम**

हर साल 15 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व विद्यार्थी दिवस केवल डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती नहीं है, बल्कि यह दिन हर विद्यार्थी और नागरिक के लिए आत्ममंथन का अवसर है। डा. कलाम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि कोई भी शुरुआत छोटी नहीं होती, अगर उसमें सपनों की आग और समर्पण की ठंडक हो। रामेश्वरम की एक साधारण गलियों में अख़बार बेचने वाला बालक जब भारत का मिसाइल मैन और बाद में देश का राष्ट्रपति बना, तो उसने न केवल सफलता की परिभाषा बदली, बल्कि यह सिखाया कि सच्ची शिक्षा वह है जो इनसान को बेहतर इनसान बनाती है। वह आत्मनिर्भर भारत के प्रथम द्रष्टा थे। वह विनम्रता, ईमानदारी और कर्त्तव्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। *– प्रदीप साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# दुबई में मसालों से सबसे बड़ी रंगोली बनाई गई


संस्कृति और सामुदायिक भावना का जीवंत संगम पेश करते हुए दुबई के एक बाजार में मसालों से ऐसी रंगोली बनाई गई जिसे खाड़ी देश में 'सबसे बड़ी' रंगोली बताया जा रहा है। मसालों की रंगोली आठ अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक वाटरफ्रंट मार्केट में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। छह मीटर लंबाई और छह मीटर चौड़ाई वाली इस विशाल रंगोली को दालचीनी, हल्दी, मिर्च, धनिया और लौंग समेत 60 किलोग्राम से अधिक विभिन्न मसालों का उपयोग करके तैयार किया गया। ये सभी मसाले वाटरफ्रंट मार्केट से ही लाए गए थे। इस अनूठी कलाकृति ने बाजार के प्रांगण को चटकीले रंगों और सुगंध से भर दिया। इसका 'दुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल एस्टेब्लिशमेंट' (डीएफआरई) द्वारा शहर भर में आयोजित दिवाली कार्यक्रमों के तहत एक विशेष समारोह में हाल में आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्य दूतावास के वाणिज्य दूत (पासपोर्ट) सुनील कुमार और डीएफआरई के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में एकजुटता, संस्कृति और समुदाय की भावना का प्रदर्शन किया गया।



## ऑफ बीट


# क्या पालतू जानवर को चूमना ठीक है?

हाल के दशकों में पालतू जानवरों के साथ हमारे रिश्ते में काफी बदलाव आया है। पालतू जानवरों को पालने का चलन बढ़ा है। हम पालतू जानवरों की देखभाल पर हर साल अनुमानित रूप से 33 अरब डॉलर खर्च करते हैं। पालतू जानवर रखना कई मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है, लेकिन हमारे पालतू जानवर संक्रामक रोगों को भी आश्रय दे सकते हैं जो कभी-कभी हम तक भी पहुंच सकते हैं। अधिकांश लोगों के लिए, जोखिम कम है। लेकिन गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को जानवरों से बीमार होने का अधिक खतरा होता है। इसलिए, जोखिमों को जानना और संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है। पालतू जानवरों से कौन सी बीमारियां हो सकती हैं? जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाले संक्रामक रोगों को जूनोटिक रोग या जूनोज कहा जाता है। यह ज्ञात है कि साथ रहने वाले जानवरों के 70 से अधिक रोगाणु लोगों में फैल सकते हैं। कभी-कभी, पालतू जानवर जिसमें जूनोटिक रोगाणु होता है वह बीमार लग सकता है। लेकिन अक्सर कोई दृश्यमान लक्षण नहीं हो सकता है, जिससे आपके लिए संक्रमित होने का जोखिम बढ़ जाता है, क्योंकि आपको अपने पालतू जानवर में रोगाणु के आश्रय होने का संदेह नहीं होता है।



## X ट्रेंड f

### जैसलमेर बस हादसा



जैसलमेर में बस में लगी आग की घटना अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुखद हादसे से प्रभावित नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### क़ानून का उल्लंघन



क़ानून का उल्लंघन जब अधिकारी करेंगे तो अधिकारियों और उन अपराधियों में क्या अंतर रह जाएगा जो क़ानून तोड़ते हैं। शासन-प्रशासन विधि पर आधारित होना चाहिए किसी की मनमानी पर नहीं। भाजपा ने भ्रष्टाचारीकरण करके, प्रशासन को निरंकुश बना दिया है।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### केदारनाथ धाम की चढ़ाई



केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होगी। अदाणी समूह श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए यह रोपवे बना रहा है। इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें।
**- गौतम अडानी, उद्यमी**

### ब्रह्मांड की प्रतिक्रिया



आप जो करते हैं और जो किया जाता है, उसके बीच एक पूरा ब्रह्मांड है। उस ब्रह्मांड में जुनून, इरादा....हृदय... निहित है, क्योंकि ब्रह्मांड हृदय के प्रति, आपके मन की तुलना में कहीं अधिक प्रतिक्रिया करता है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सेंसेक्स 575 अंक चढ़ा और निफ्टी 25,300 अंक के पार

**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 575 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,300 अंक के ऊपर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस महीने नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच एशिया तथा यूरोप के बाजारों में तेजी साथ मुख्य रूप से बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 575.45 अंक यानी 0.70 प्रतिशत चढ़कर 82,605.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 697.04 अंक तक चढ़ गया था।

पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 178.05 अंक यानी 0.71 प्रतिशत चढ़कर 25,323.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटर्नल और अदाणी पोर्ट्स भी लाभ में रहीं।

# सोना 1.31 लाख रुपये के नए शिखर पर, चांदी में 3,000 की गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ, बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। चालू त्योहारी मौसम के बीच खुदरा विक्रेताओं और आभूषण विक्रेताओं की निरंतर लिवाली के कारण यह मजबूती को देखने को मिली।
अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,30,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये बढ़कर 1,31,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,30,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से 3,000 रुपये नीचे गिरकर 1,82,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 16.11.2025 तक |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.2025 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.11.2025 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09429 | सााबरमती | 08:50 | गोरखपुर जं. | 10:00 | सप्ताह में तीन दिन | बृहस्पति, शुक्र, रवि | 16.10.25 से 26.10.25 |
| 09430 | गोरखपुर जं. | 13:00 | सााबरमती | 15:30 | | शुक्र, शनि, सोम | 17.10.25 से 27.10.25 |
| 04402 | शकूर बस्ती | 21:15 | लखनऊ | 09:30 | सप्ताह में तीन दिन | शुक्र, शनि, रवि | 17.10.25 से 19.10.25 |
| 04401 | लखनऊ | 12:30 | शकूर बस्ती | 00:40 | | शनि, रवि, सोम | 18.10.25 से 20.10.25 |
| 04404 | शकूर बस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | तिथि वार | शुक्र, शनि, रवि, बुध, बृहस्पति | 17.10, 18.10, 19.10, 22.10, 23.10, 24.10, 25.10, 26.10.25 |
| 04403 | पटना जं. | 16:00 | शकूर बस्ती | 14:40 | | शनि, रवि, सोम, बृहस्पति, शुक्र, | 18.10,19.10, 20.10, 23.10, 24.10, 25.10, 26.10, 27.10, |
| 04731 | श्री गंगानगर जं. | 13:25 | समस्तीपुर जं. | 23:00 | सप्ताह में तीन दिन | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04732 | समस्तीपुर जं. | 01:00 | श्री गंगानगर जं. | 12:20 | | मंगलवार | 21.10.25 से 04.11.25 |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.2025 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.2025 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 17.11.2025 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 30.11.2025 तक |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 01.12.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 02.11.2025 तक |
| 04124 | हज़रत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | वीरवार, सोमवार | 16.10.25 से 03.11.25 |
| 09003 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | शकूर बस्ती | 08:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 31.10.2025 तक |
| 09004 | शकूर बस्ती | 10:15 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | | | 16.10.25 से 01.11.25 |
| 09425 | साबरमती जं. | 08:50 | हरिद्वार जं. | 05:30 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:40 | साबरमती जं. | 21:30 | | वीरवार, रविवार | 16.10.25 से 30.11.25 |
| 04406 | शकूर बस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | तिथि वार | शुक्र, शनि, रवि, बुध, बृहस्पति | 17.10, 18.10, 19.10, 22.10, 23.10, 24.10, 25.10, 26.10.25 |
| 04405 | सहरसा जं. | 08:00 | शकूर बस्ती | 17:40 | | रवि, सोम, मंगल, शुक्र, शनि | 19.10, 20.10, 21.10, 24.10, 25.10, 26.10, 27.10, 28.10.25 |
| 04408 | आनन्द विहार (ट.) | 23:00 | पुरी | 13:30 | 1 फेरा | सोमवार | 18.10.2025 |
| 04407 | पुरी | 16:30 | आनन्द विहार (ट.) | 07:30 | | शनिवार | 20.10.2025 |
| 04410 | शकूर बस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | तिथि वार | बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 22.10, 23.10, 24.10, 25.10, 26.10.2025 |
| 04409 | झंझारपुर जं. | 20:30 | शकूर बस्ती | 01:40 | | बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि, सोम | 23.10, 24.10, 25.10, 26.10, 27.10.2025 |
| 04729 | श्री गंगानगर जं. | 13:25 | गोरखपुर जं. | 16:30 | 2 फेरे | बृहस्पतिवार | 23.10.25 एवं 30.10.25 |
| 04730 | गोरखपुर जं. | 19:30 | श्री गंगानगर जं. | 02:45 | | शुक्रवार | 24.10.25 एवं 31.10.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. $Mileage of Hero Super Splendor Xtec as per internal testing conditions. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa: Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak: Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

TU1Jgtq132147